वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा परीक्षण प्रतिवेदन

Annual Report & Audit Report

2017-2018

दि एशियाटिक सोसाइटी

का

वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा परीक्षण प्रतिवेदन, 2017-2018

दि एशियाटिक सोसाइटी
का
वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा परीक्षण प्रतिवेदन,
2017-2018

दि एशियाटिक सोसाइटी
1 पार्क स्ट्रीट, कोलकाता 700 016

प्रकाशक
प्रोफेसर सत्यब्रत चक्रवर्ती
महासचिव
दि एशियाटिक सोसाइटी
1 पार्क स्ट्रीट
कोलकाता 700 016

जानुयारि, 2019

मुद्रक
दि सरस्वती प्रिन्टिंग वर्कस
२ गुरुप्रसाद चौधुरी लेन
कोलकाता 700 006

विषय-वस्तु

1	एशियाटिक सोसाइटी की यात्रा	9
2.	अध्यक्षीय भाषण	11
3.	महासचिव की रिपोर्ट	20
4.	एशियाटिक सोसाइटी की परिषद (2016- 2018)	25
5.	योजना बोर्ड एवं स्थाई वित्त समिति	27
6.	समिति एवं उप समिति	29
7.	वर्ष 2017 के पदक,प्लॉक एवं वक्तृता पुरस्कार प्राप्त करने वाले की सूची	36
8.	अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक अपनाए गए प्रमुख संकल्प एवं रिपोर्ट की गई मदें	39
9.	कार्यकलापः प्रकाशन अनुभाग	48
10.	कार्यकलापः पुस्तकालय अनुभाग	52
	पुस्तकालय	52
	संग्रहालय	58
	परिरक्षण	60
	रिप्रोग्राफी	61
	आगंतुक पंजी से उद्धरण	62
11.	कार्यकलापः शैक्षणिक अनुभाग	63
क.	अंतरिक अनुसंधान परियोजनाएं	
ख.	जारी बाह्य अनुसंधान परियोजनाएं	
ग.	अनुमोदित किंतु न शुरू हुई परियोजनाएं	
घ.	मासिक बैठकों में पढ़े गए शोधपत्र	
12.	कार्यकलापः स्टाफ प्रशिक्षण,स्वच्छता कार्य योजना(एस ए पी) एवं हिंदी कार्यक्रम	82
13.	कंप्यूटरीकरण, आधुनिकीकरण एवं अवसंरचनात्मक विकास	85
14.	एशियाटिक सोसायटी के कर्मचारी (2017- 18) की सूची	86
15.	वित्त, लेखा, बजट एवं लेखापरीक्षा	91
16.	वर्ष 2017-2018 से संबधित वार्षिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट	93
17.	दृश्य-सामग्री	117

संवेदना संदेश

निम्नलिखित सदस्यों, प्रसिद्ध हस्तियों, शुभचिंतकों , सोसायटी के कर्मचारियों और भूतपूर्व कर्मचारियों के निधन पर एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता गंभीर संवेदना व्यक्त करती हैः

कालिका प्रसाद भट्टाचार्य
मंजुला बंदोपाध्याय
वी आर राव
तृप्ति चौधरी
अपूर्व कुमार मांझी (कर्मचारी)
सुभाष चटर्जी
सिराज -उल -हक (कर्मचारी)
तपन चटर्जी
बिजली बाला पाल
रतनलाल ब्रह्मचारी
परिमल चंद्रसेन
सुख रंजन सेनगुप्ता
राजेश हेला(कर्मचारी)
अपूर्व चंद्र बार ठाकुरिया
नरेश चंद्र दत्ता
ओम प्रकाश सिंह (कर्मचारी)
मणिदीप चटर्जी
अरुण शर्मा
परिमल कुमार चक्रवर्ती
दिलीप कुमार कांजीलाल
तूलिका मजूमदार
सविता चौधरी
यशपाल
शोभा सेन
रामस्वरूप सिंह (कर्मचारी)
पंडित शतकारी मुखोपाध्याय

प्रियरंजन दास मुंशी
साधना चटर्जी
सुप्रिय चौधरी
ध्रुव ज्योति घोष
डी एन नंदी
पूर्वी मुखर्जी
हेतुकर झा
सुकुमार देव
निर्मल दास
वीरेश्वर बनर्जी
दिलीप कुमार घोष
सत्यजीत चौधरी
रिद्धि शंकर रॉय

1.
एशियाटिक सोसाइटी की यात्रा

सम्मानित भाषाशास्त्री और आंग्ल -वेल्श वंश के अध्येता सर विलियम जोन्स द्वारा उच्चतम न्यायालय, कोलकाता के ग्रैंड ज्यूरी हॉल में आयोजित एक बैठक में 15 जनवरी, 1784 को एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना की गई ।इस अवसर पर सर विलियम जोन्स ने घोषणा की:

"अन्वेषण एशिया की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित होगा और इन सीमाओं के अंदर इसकी जांच का दायरा व्यक्ति द्वारा निष्पादित कार्य अथवा प्रकृति द्वारा उत्पन्न वस्तु तक विस्तृत होगा।"

इस तरह 233 वर्ष पहले एशियाटिक सोसाइटी की यात्रा का शुभारंभ हुआ जिसने प्राच्य अध्ययन में नई शुरुआत का आगाज किया।

यह भारत में अधिगम का प्राचीनतम संस्थान है और इसने भारतीय इतिहास के उत्थान और पुनः जागरण के शुभारंभ में महत्वपूर्ण योगदान किया है ।एशियाटिक सोसायटी कई तरह से इस देश में स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन, भारतीय संग्रहालय, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ,भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण और इसी तरह के अन्य कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों की समृद्धि और विकास का महत्वपूर्ण संस्थान रहा है।

प्रारंभ में एशियाटिक सोसाइटी के सदस्य केवल यूरोपीय नागरिक थे। 1829 में भारतीयों को सोसायटी का अंग बनने की अनुमति दी गई। 1885 में राजेंद्र लाल इस संगठन के पहले भारतीय अध्यक्ष बने ।स्थापना के प्रारंभिक वर्षों में संगठन बिना किसी भवन के चलता रहा। 1805 में सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध कराने के पश्चात इसका सरकारी भवन 1808 में बनकर तैयार हो गया। वर्तमान भवन 1961 में उसी स्थान पर बनाया गया और भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा 22 फरवरी 1965 को इसका उद्घाटन किया गया।

सोसायटी का पुस्तकालय सूचना का भंडार है जहां विश्व की विभिन्न भाषाओं की पुस्तकों के 130000 खंड तथा 109000 जर्नलों का असाधारण साहित्यिक संग्रह है। 1814 में स्थापित संग्रहालय सोसायटी का बहुमूल्य अंग है जिसमें प्राचीन पेंटिंगों, पांडुलिपियों, मूर्तियों, उत्कीर्ण लेखों ,मुद्राओं और अन्य बहुमूल्य कलात्मक वस्तुओं का सुंदर संग्रह है।सोसायटी के अनुसंधान, अनुवाद ,संगोष्ठियों और प्रकाशनों की प्रामाणिकता तथा एशिया के गंभीर विश्लेषण की विश्वभर में प्रशंसा की जाती है।

सोसायटी के महत्व और कला व साइंस के सभी क्षेत्रों में उसके अपार योगदानको देखते हुए भारत सरकार ने 1984 में इसके द्विशताब्दी वर्ष के दौरान संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में मान्यता प्रदान की ।एशियाटिक सोसायटी अधिनियम 1984 के अधिनियमन से भारत सरकार ने इसके रखरखाव और भावी विकास का दायित्व अपने ऊपर ले लिया।

एशियाटिक सोसायटी के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :-

एशिया में मानवता और विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान करना, तत्संबंधी पहल करनाऔर उसे बढ़ावा देना ताकि सोसाइटी के संस्थापक सर विलियम जॉन्स के शब्दों में एशियाटिक सोसायटी के अन्वेषण एशिया की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित हो सकें और इन सीमाओं के अंदर इसकी जांच का दायरा व्यक्ति द्वारा निष्पादित कार्य अथवा प्रकृति द्वारा उत्पन्न वस्तु तक विस्तार ले सके।

अनुसंधान संस्थानों, वाचनालयों, संग्रहालयों, कला दीर्घाओं, प्रेक्षागृहों और व्याख्यान कक्षों की स्थापना करना, उनका निर्माण करना , उनका रखरखाव करना और उन्हें संचालित करना।

ऐसी आवधिक पत्रिकाएं पुस्तकें अथवा अन्य साहित्य प्राप्त करना उनका वित्तीय करना अथवा उन्हें प्रकाशित करना जिन्हें सोसायटी अपनेउद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त समझे।

सोसायटी के उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए अक्षय निधि अथवा न्यास निधि का सृजन करना।

1984 से लेकर अब तक उपर्युक्त आधारभूत उद्देश्यों का अनुसरण करते हुए सोसायटी सभी मोर्चों पर अपने कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

2.

अध्यक्षीय भाषण

पश्चि बंगाल के महामहिम राज्यपाल व एशियाटिक सोसाइटी के संरक्षक श्री केशरी नाथ त्रिपाठी, हमारे महासचिव प्रोपेसर डॉ सत्यव्रत चक्रबर्ती, हमारे कोषाध्यक्ष प्रोफेसर सुजीत कुमार दास, पदक प्लॉक और वक्तृता पुरस्कार प्राप्त करने वाले तथा देवियो और सज्जो!

वैश्विक भाषा, हश्य कला प्रारंभ से ही पूरे विश्व में अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम रही हैं। यह दृश्य अभिव्यक्ति विकसित होती रही और और युगों से इसमें विभिन्न परिवर्तन होते रहे, जिसके परिणमस्वरूप नई के कलाकारों, मूर्तिकारों, शिल्पियों और वास्तुकारों का प्रादुर्भाव हुआ जिनके अपने दर्शन, अपने धार्मिक मान्यताएं और अपने सौंदर्य-बोध थे। भारत में इसे कोई आपत्ति नहीं है और यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय कला के विशाल कोषागार में ग्राम्य कला, लोगों की कला, लोक कला तथा मूक्ष्म कला में एक तरफ स्पष्ट भेद है और दुर्सी तरफ परिष्कृत शास्त्रीय कला भिन्न है। ऊपर वर्णित इस कला की पहली कोटि पीढ़ियों की अति अति उच्च एवं समृद्ध परंपरा से प्राप्त हुई है, जिसमें समय के अनुसार सामाजिक जीवन में बदलाव के अनुरूप कतिपय मूक्ष्म परिवर्तन हुए हैं। आश्चर्य की बात है कि यदि हम दक्षिण अमेरिका तथा दक्षिण बंगाल के चंद्रकेतुगढ़ में में पाए गए चिकनी मिट्टी एवं टेराकोटा के खिलौनों और मानव आकृतियों का निरीक्षण करें तो हम पाते हैं कि उनमें इतनी समानता है कि स्टेला क्रैमरिश ने टिप्पणी की कि वे कालातीत एवं अजेय हैं। लेकिन इसके विपरीत, शिक्षित और सभ्य शहरी नागरिकों की विभिन्न शखाओं से संबंधित परिष्कृत शास्त्रीय कला की उच्च कोटियां उचित शिक्षा और गुरु शिष्य परंपरा के माध्यम से औपचारिक प्ररिक्षण के द्वारा अथवा मास्टर कलाकार के चित्रालय में पल्लवित हुईं। आज के कला स्कूलों की अवधारणा नहीं थी।

(एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता की स्थापना से 27 बर्ष पूर्व)। 1757 में प्लासी में मुर्शिदाबाद के नवाबसिराजुद्दौला के पतन के पश्चात ईस्ट इंडिया कंपनी ने धीरे-धीरे अपने व्यापार के साथ-साथ बंगाल, बिहार और उड़ीसा पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया और अंग्रेजी हुकुमत के बढ़ते अतिक्रमण के साथ कोलकाता को अपना मुख्यालय बनाया। इस बदली हुई परिस्थिति में ललित कलाओं की देसी परंपरा राजसी चित्रालयों में विकसित हुई और बाहर मुर्शिदाबाद कलाम, पटना कलाम, लखनऊ कलाम, जयपुर और इसी तरह के अन्य नाम से जानी गई, धीरे-धीरे मृतप्राय हो गई और अब पूर्णत: निष्क्रिय हो गई है। अंग्रेजी संस्कृति और जीवन के पश्चिमी तौर-तरीके ने धीरे-हमारे शहर के सभी प्रमुख शहरों में समृद्ध सोसाइटी में अपनी पैठ बना ली। धनी लोग अंग्रेजी स्टाइल के फर्नीचर, कपड़े और पोशाक खींदने लगे और अपने लिविंग रूम और ड्राइंग रूम को चौलचित्रों से, दृश्यों और अपने पूर्वओं के चित्रों से सजाने लगे। इस बदली हुई परिस्थिति में अग्रेजी व्यवसाय और हुकूमत ने इंग्लैंड के कई सक्षम चित्रकारों को यहां आमंत्रित किया, जो धन कमाने की लालसा से यहां बड़ी संख्या में आए। वे परिचर और नौकरों से घिरे रहते थे। उनमें से कुछ ने ऐतिहासिक स्थलों के प्रलेखन के लिए तथा सुरम्य भारतीय परिदृश्य के लिए भी कार्य किया। उन्हं बहुत

अधिक धन प्राप्त हुआ। विलियम हॉजिज भारत आए और 1780 से लेकर 1783 तक यहां उनका प्रवास रहा। उसके बाद टॉमस और विलियम डेनियल, जो चाचा और भतीजा थे, ने कोलकाता को अपना आधार बनाया। उन्होंने अद्भुत

Plate - 1

Artist : John Zoffany

नक्काशी और चित्रकारी की, जिनमें से कुछ का प्रदर्शन विक्टोरिया मेमोरियल, कोलकाता की दीर्घा में किया गया। भारत आने वाले अन्य कलाकारों में जेम्स फ़ोर्ब्स एवं जॉन ग्रांट थे। दोनों नक्काश थे और उन्होंने मद्रास को अपना आधार बनाया। जॉन ज़ोफ़ानी (प्लेट-1) और टिल्ली केटल ने कोलकाता को अपना आधार बनाया और यहां 1783 से लेकर 1789 तक रहे और महत्वपूर्ण हस्तियों के कुछ अद्भुत चित्र बनाए। रॉबर्ट होम भी सक्षम चित्रकार थे। पहले राग दरबारी चित्रकार के रूप में अवध में रहे और बाद में कोलकाता आए, एशियाटिक सोसायटी के लिए कई चित्र बनाए। उन्हें लंबे समय तक पुस्तकालय का भी प्रभार दिया गया। उन्होंने कई पेंटिंग बनाए, जो इस समय सोसाइटी के संग्रह में हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि उत्तरी यूरोप (बरगंडी) में जान वान एडक द्वारा किए गए तैल चित्र के आविष्कार ने गहरी छाप छोड़ी, जिसने 14 वीं और 15 वीं शताब्दी में इतालवी पुनर्जागरण की उन्नति को अत्यधिक सीमा तक बढ़ा दिया। इसकी तीन बुनियादी अवधारणाएँ एवं सिद्धांत—मानवता, व्यक्तिवाद और वैज्ञानिक दृष्टिकोण—थे और इसे प्राप्त करने के लिए दृश्य कला के क्षेत्र में तैलचित्र अधिक उपयुक्त था, विशेष रूप से शेप, शेड और फॉर्म के अन्य क्षेत्रों के साथ पेंट के गाढ़े पिगमेंट को मिश्रित कर प्रकाश का बहुआयामी रेडिएशन तैयार करने की तकनीक, जिससे कि बड़े पेंटिंग में त्रिआयामी प्रभाव उत्पन्न किया जा सके। वस्तुतः पेंटिंग कार्य समस्त यूरोप में तेजी से दावानल की तरह फैल गया।

अत्यधिक दूर होने के कारण भारतीय कला परिदृश्य पर इसकी छाया तब तक नहीं पड़ी जब तक किअंग्रेजों का इस देश पर अधिकार नहीं हो नया। अंग्रेजी हुकूमत ने रॉयल अकैडमी स्टाइल में कोलकाता, मद्रास और मुंबई में 1860 के दशक में तीन कला स्कूलों की स्थापना की। इन कला स्कूलों का उद्देश्य रॉचल अकैडमी की तरह के कलाकार उत्पन्न करना न था, बल्कि देसी कलाकार उत्पन्न करना था जो उनके कार्यालयों में सेवा दे सकें, जहां आरेख, उत्कीर्ण लेख, शिलालेख और प्रलेखनों की आवश्यकता थी, जिससे कि लंदन से कलाकार किराए पर लेने के के विपरीत व्यय की लागत को न्यूनतम किया जा सके।

40 बर्ष की अवधि में कोलकाता और मुंबई के कला स्कूलों ने अनगिनत सक्षम कलाकारों और मूर्तिकारों को प्रशिक्षित किया जो यथार्थवादी एवं प्राकृतिक शैली में काम करते थे। इन कलाकारों में से अत्यधिक होनहार पेस्टनजी बोमनजी (1851-1938), एम एफ पीठवाला (1872-1937) तथा अब्दुल रहमान (1860-1931) जैसे दृश्य चित्रकार तथा वी पी कर्मकार (1891-1967) जैसे मूर्तिकार अन्य थे। कोलकाता में गवर्नमेंट स्कूल ऑफ आर्ट के छात्र—आनंद प्रसाद बागची (1849-1905), बामपद बंदोपाध्याय (1851-1932)—को यथार्थवादी शैली में तैल चित्रों और वॉटर कलर में महारत हासिल थी और उन्होंने असाधारण

कौशल का प्रदर्शन किया।

इसा अवधि की कला के महान हस्ती राजा रवि वर्मा (1848-1932)—को यथार्थवादी शैली में तैल चित्रों और वॉटर कलर में महारत हासिल थी और उन्होंने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया।

इस अवधि की कला के महान हस्ती राजा रवि वर्मा (1848-1906) (प्लेट-2) थे, जो त्रावणकोर परिवार के

Plate - 2 Artist : Raja Ravi Varma

युवा सदस्य थे, जिन्होंने तैलचित्र कला स्वयं सीखी और भारतीय पुराण से लेकर महाकाव्य तक की थीम पर बड़े साइज के चित्र कैनवास पर उतारे और स्थानीय पुरुषों और महिलाओं को मॉडल के रूप में लेकर अपने स्वयं के चित्र बनाए। अवधि में ही उन्हें भारतीय हिंदू भावनाओं पर यथार्थवादी चित्र बनाने के लिएअत्यधिक आदर और सम्मान

Plate - 3 Artist : Abanindranath Tagore

मिला। बाद में ओलियोग्राफिक पुनर्उत्पादन के माध्यम से उन्होंने पेंटिंग को बाणिज्यिक कर दिया, जो कुछ ही समय में सस्ती गुणवत्ता की बाजार कला बन गया।

भारत में औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध धीरे-धीरे असंतोष बढ़ने लगा और 19 वीं सदी के अंतिम दशक से इस देश के प्रमुख शहरों में विशेष रूप से रचनात्मक चित्रकारों, लेखकों और कलाकारों में अतिरिक्त राष्ट्रीय चेतना जागृत होने। कोलकाता में अवनींद्रनाथ (प्लेट-3) गगनेंद्रनाथ टैगोर (प्लेट-4) ने ई बी हैवल और अंग्रेज़ी और बंगाली संभ्रांत बर्ग के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर 1907 में प्राच्य कला सोसाइटी की स्थापना की। यह कलाकारों का पहला संगठित संगठन था, जिसपर पाश्चात्य कला का प्रभाव नहीं था और जो दृश्य कला में भारतीय परंपरा की भावना को स्थापित करने और पुनर्जीवित करने के दृष्टिकोण से बना था (प्लेट-3)।

इसे आधुनिक भारतीय कला का प्रारंभ कहा जा सकता है, जो बीसवीं सदी के तीसरे दशक तक जारी रही। इसी

Plate - 4

Artist : Gaganendranath Tagore

बीच 1982 में शांतिनिकेतन में कला भवन की स्थापना की गई। इसके अध्यक्ष नंदलाल बोस थे। बाद में रामकिंकर बैज (मूर्तिकार और पेंटर) तथा विनोद बिहारी मुखर्जी (पेंटर) जैसे अत्यधिक प्रतिभासंपन्न कलाकार और मूर्तिकार की अपने बल पर इस क्षेत्र में पैठ हुई। हिंदी भवन की दीवारों पर विनोद बिहारी द्वारा प्राचीन भारत के सन्यासियों के रूप में अत्यधिक उल्लेखनीय भित्तिचित्र बनाए गए। दूसरी ओर रामकिंकर ने खुले आसमान के नीचे सीमेंट कंक्रीट में संथाल परिवार और कोलेर बंसी जैसी विशाल स्मारक मूर्तियां बनाईं। रामकिंकर द्वारा बनाए गए असंख्य चित्रों के सिर जिनमें रवींद्रनाथ का सिर शामिल है (इस समय हो ची मिन्ह सरणी, कोलकाता के आईसीसीआर स्थित रविंद्र नाथ टैगोर केंद्र में रखी हुई प्रतिकृति) मूर्ति अभिव्यंजना का विशिष्ट उदाहरण है (प्लेट-5)। इसी तरह विनोद बिहारी के भित्तित्रों ने नई और आधुनिक अवधारण को जन्म दिया। कलाभवन के सत्यजीत रॉय ने दि आई शीर्षक से कृत्तचित्र बनाया, जिसने उन्हें अत्यधिक ख्याति दिलाई।

20 वीं सदी के प्रारंभ में गगनेंद्रनाथ, अवनींद्र नाथ और नंदलाल बोस के पश्चात शांतिनिकेतन में एक नया मोड़ आया, जिसें वास्तविक अर्थ में आधुनिक भारतीय कला के प्रादुर्भाव का द्वितीय चरण माना जा सकता है। रवींद्रनाथ ने स्वयं 1928 से ड्राइंग और पेंटिंग का कार्य शुरू किया और 1940 तक 2500 से अधिक कृतियों का पेंसिल और वॉटर कलर से कागज पर सृजन किया। स्वयंशिक्षित कलाकार रवींद्रनाथ को अंतर्राष्ट्रीय जूरी द्वारा पहला आधुनिक कलाकार भी माना जाता है। बस्तुत: 1930 का दशक देश में राजनीतिक उथल-पुथल का अत्यधिक निर्णायक और व्यावहारिक काल था। एक और धार्मिक पहचान को लेकर राष्ट्रवादियों के बीच सैद्धांनिक शत्रुता और दूसरी

Plate - 5

Artist : Ramkinkar Baij

ओर प्राच्यकला को लेकर यथार्थवादी कला अपनी जड़ें धीरे-धीरे फैला रही थी। दृश्य कला के क्षेत्र मे सह अस्तित्व की भावना के साथ अतुल बोस के नेतृत्व में कोलकाता में 1934 में ललित कला अकादमी की स्थापना की गई, जो यथार्थवादी रेखा चित्रण और तैलचित्रों के

Plate - 6 Artist : Rabindranath Tagore

सक्षम कलाकार और व्यावसायी थे।

देश में इस जटिल परिस्थिति में यामिनी रॉय और अमृता शेरगिल जैसे कुछ कलाकारों को आधुनिक भारतीय कला में वास्तविक सफलता हासिल हुई। यामिनी रॉय (1887-1974) नवर्नमेंट स्कूल ऑफ आर्ट, कोलकाता के पूर्व छात्र थे जिन्हें तैलचित्र और वॉटर कलर पेंटिंग में महारत हासिल थी, जिन्होंने आजीविका के लिए स्वयं को पेशेवर चित्रकार के रूप में प्रशिक्षित किया लेकिन पूर्णत: असंतुष्ट होने पर वे अपनी जड़ों की ओर लौट गह और उन्हें पश्चिम बंगाल के अपने जन्मस्थल बांकुरा के मंदिरों के टेराकोटा और पटचित्र से प्रेरणा मिली, जहां टेंपरा और गोश में सभी चित्र देसी रंगो द्वारा बनाए गए। उन्होंने पूर्णत: नए सौंदर्य-बोध के साथ भारतीय आधुनिक कला की दिशा में दरवाजे खोल दिए (प्लेट-7)।

इसी तरह पूर्व और पश्चिम की रहस्यमय मिश्रण सिह-हंगरियाई वंश की अमृता शेरगिल (1913-41) ने पेरिस में एकोल द बो आट्स में अध्ययन किया और भारत की वास्तविक परंपरा और उसकी आंतरिक आत्मा की तलाश में पूरे दक्षिण की यात्रा करने के पश्चात 1934 में पुन: भारत आ गईं। पेरिस की परंपरा को छोड़कर उन्होंने ग्राम्यजीवन, महिलाओं और बच्चों के चित्र पेंट करने शुरु कर दिए। ये चित्र जातीए चेहरे के प्रकार और मुख की आकृति को व्यक्त करते थे, जिसपर भारतीय चित्रात्मक अभिलक्षण का द्वि आयामी प्रभाव था और जो बंगाल स्कूल से पूर्णत: भिन्न थे। कैनवास पर उनके बनाए गए तैलचित्रों



Plate - 7 Artist : Jamini Roy

में चित्र के सामने की स्थिति द्वि आयामी थी, जिनमें रंग का सपाट इस्तेमाल गया था, चेहरे धुंधले थे और आकृतियां चमकीली और हल्की पृष्ठभूमि में थीं, जिससे अवसाद के वातावरणका निर्माण होता था (प्लेट-8)। 1940 के दशक के आरंभ पर द्वितीय विश्व युद्ध की छाया थी। 1942 के बंगाल अकाल और देश में हो रहे विभिन्न सामाजिक उथल-पुथल ने कलाकारों, लेखकों, कवियों और नाटककारों जैसे रचनात्मक लोगों के पूरे समुदाय को बुरी तरह प्रभावित किया। अत्यधिक वेदना के कारण उन्होंने तथाकथित प्रत्येक सुंदर वस्तु के प्रति प्रबल विद्रोह का इजहार किया। कोलकाता में कलाकारों के एक समूह ने 1943 में एक

Plate - 8

Artist : Amrita Sher Gill

संस्था का गठन किया, जिसे कोलकाता ग्रुप कहा गया, जिसके सदस्य परितोष सेन, कमल दास गुप्ता, प्राण कृष्ण पाल, रतिन माइत्रा, नीरद मजुमदार, शुभ ठाकुर, गोपाल घोष, प्रदोष दासगुप्ता (मूर्तिकार) और हैमंत मिश्र थे। इस समूह की द्वितीय प्रदर्शनी 1945 में मुंबई में हुई, जिसके

Plate - 9

Artist : Paritosh Sen

द्वारा वहां के समकालीन कला आंदोलन के साथ सीधा संबंध स्थापित किया गया। दुर्भाग्यवश, कोलकाता ग्रुप लंबे समय तक कायम न रहा और 10 वर्षों में ही विभिन्न व्यवहारिक कारणों से धीरे-धीरे विघटित हो गया (प्लेट-9)।

प्रदोष दास गुप्ता उच्चतर अध्ययन के लिए इंग्लैंड चले गए, नीरद मजुमदार पेरिस चले गए (प्लेट-10)। रतिन माइत्रा और गोपाल घोष अपने निजी कार्यों में व्यस्त हो गए और आंशिक रूप से ललित कला अकादमी, कोलकाता से जुड़ गए, तथापि कोलकाता ग्रुप अग्रणी था, जिसने कलाकारों का पेसा समूह उत्पन्न किया जो अपनी कृतियों में फ्रांस और जर्मनी के यूरोपीय आधुनिक कला आंदोलन कीआत्मा को आत्मसात करना चाहते थे। उनकी कृतियों को कभी-कभी प्रेस और जनता की प्रतिकूल आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। फिर भी, यह समकालीन भारतीय आधुनिक कला की दिशा में एक जागरूक कदम था। कोलकाता ग्रुप के इन कलाकारों का अधिक प्रलेखन और मूल्यांकन नहीं किया गया और न ही उनकी कृतियों को भावी पीढ़ी के लिए उचित तरीके से परिरक्षित किया गया।

कोलकाता ग्रुप से सबक लेते हुए कुछ उत्साही युवा

Plate - 10 Artist : Nirode Mazumdar

कलाकारों ने प्रारंभ में छह भारतीय कलाकारों के साथ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप (पी ए जी) के बैनर तले 1947 में मुंबई बाणिज्यिक नगरी में एक ग्रुप की स्थापना की। यह अत्यधिक महत्वपूर्ण वर्ष है जब भारत की स्वतंत्रता मिली और दो राष्ट्र के सिद्धांत पर विभाजन किया गया। प्रारंभिक वर्षो में राष्ट्रवादी ग्रुप और स्वतंत्रता आंदोलन से जुई होने के कारण फ्रांसिस न्यूटन सूजा (कलाकार) को सर जे जे स्कूल ऑफ़ आर्ट से निष्कासित कर दिया गया, जिन्होंने ग्रुप और आंदोलन का नेतृत्व किया था। उन्होंने ग्रुप का घोषणा पत्र और मोटो तैयार किया था, जिसमें उन्होंने प्रबल रूप से नव बंगाल अथवा ब्रिटिश शिक्षा जगत की सभ्य एवं भावनात्मक कला को नकार दिया था और आधुनिक सौंदर्य-बोध उत्पन्न करने में पूर्ण

अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का प्रचार किया था। प्रारंभिक सं
सदस्यों में एक एन सूजा (1920), सैयद हैदर रजा (1
एच ए गादे (1917), के एच अरा (1914), एस के

Plate - 11 Artist : Francis Newton So

(1920, मूर्निकार) और एम एक हुसैन थे (प्लेट
उनकी पहली सामूहिक प्रदर्शनी 1948 में मुंबई
जिसकी तुरंत प्रतिकूल आलोचना हुई लेफिन वे



Plate - 12 Artist : S.I

आंतरिक रचनात्मक उत्साह शक्ति के कारण टस से मस न हुए। भावनाओं से ओतप्रोत सुजा ने कहा था हमारे पेट

Plate - 13

Artist : M.F. Hussain

में खाने से अधिक आग है (प्लेट-11)। बाद के वर्षों में के एस कुलकर्णी, एन एस बेंद्रे, के के हेबर, अकबर पदमसी, तैयब मेहता और रामकुमार जैसे कुछ अधिक प्रबल कलाकार पी ए जी में शामिल हो गए। इस क्षेत्र में उनके अन्वेषण और विचारोत्तेजक कृतियों के लिए देश का अन्यधिक सम्मानित कलाकार माना जाता है। फिर भी, उन कलाकारों और उनकी कृतियों के समीक्षात्मक मूल्यांकन के साथ सैकड़ों पुस्तकें और एल्बम प्रकाशित किए गए हैं ताकि उनकी कलात्मक प्रतिभा और कला के क्षेत्र में उनके योगदान को बेहतर ढंग से समझा जा सके।



Plate - 14

Artist : Satish Gujral

1996 में नई दिल्ली में तत्कालीन शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पहल पर ललित कला अकादमी के गठन के पश्चात दृश्य कला और रचनात्मक कला की विभिन्न शाखाओं के क्षेत्र में पर्याप्त अवसर उत्पन्न हो गए। यूरोप और अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय आधुनिक कला द्वारा निर्धारित विभिन्न आदर्शों और मानदंडों का मुख्यधारा की कला में संचार हो गया।

यूरोप और अमेरिका में बीसवीं सदी के प्रारंभ से आधुनिक

Plate - 15

Artist : G. R. Santosh

कला, जिसमें गैररूपक कला, सूक्ष्म कला, सूचना अभिव्यक्ति, पॉप आर्ट और ऑप आर्ट शामिल हैं, पैठ बनाने लगी। उन्नीसवीं सदी के मध्य में फोटोग्राफी के आविष्कार ने कलाकारों के समक्ष बड़ी समस्या उत्पन्न कर दी क्योंकि कैमरा द्वारा कुछ ही सेकंड में प्रकृति के साथ समानता स्थापित की जा सकती थी लेकिन कलाकार का दायित्व सृजन करना है न कि पेंट और ब्रश के साथ किसी छवि

Plate - 16 Artist : Isha Mahammad

की नकल करना और उसे प्रतिबिंबित करना है अथवा प्रस्तर, काष्ठ और कांस्य अथवा किसी भी माध्यम में रूपांतरित करना है। दृश्य कला में प्राकृतिकता से अमूर्तता की ओर जाते समय इस अवधारणा को समझना था। दृश्य कला के क्षेत्र में कई प्रतिभासंपन्न कलाकारों का प्रादुर्भाव हुआ, जिनका आधुनिकता को लेकर अपना निजी दर्शन था। उन्होंनं नई तरह की कला की रचना की, दृश्य की यथार्थथा को भूल गए और उनका निजी भावनाओं पर अधिक बल था। रेखाओं, रंगों, बिंदुओं के आधारभूत घटकों के साथ शून्य (तंत्र से आगत) और समूह के विन्यास के द्वाराउचित सपोर्ट (कैनवास, काष्ठ, भित्ति इत्यादि) पर कोण और वर्ग ने ऐसी कलाकृति को जन्म दिया जो बिना किसी वर्णन या कथा के रूप से अपने बूते टिकी रही। इस संदर्भ में मैं सैयद हैदर रजा (प्लेट-12), सतीश गुजराल, वीरेन दे, गुलाम रसूल, संतोष, रामकुमार और इसी तरह के अन्य कलाकारों का नाम उद्धृत करना चाहूंगा, जिन्होंने विशिष्ट दृश्य अभिव्यक्ति के अप्रत्यक्ष पथ का अनुसरण किया (प्लेट-15). हम उनकी कृतियों का ललित कला अकादमी तथा राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा, नई दिल्ली मैं रसास्वादन कर सकते हैं, जो ऐसे कलात्मक कार्य के स्थाई स्थल हैं (प्लेट-14 : सतीश गुजराल तथा प्लेट-16 : ईशा मोहम्मद)।

हमारी दिनचर्या इस बात का उदाहरण है कि हम किस तरह स्वयं को नए के प्रति, आधुनिक वास्तुकला, आधुनिक डिजाइन, आधुनिक जीवनशैली की वस्तुओं, आधुनिक उपकरणों,, तेजी से बदलती सांस्कृतिक रूढ़िवादी विचारों के अनुरूप ढाल लेते है और फिर भी, हमारी सहज प्रवृत्ति उस विगत को पहचानने की होती है अथवा हमारा झुकाव उस विगत की और होता है जो हमें वर्तमान स्वास्थयकर वातावरण की और ले आया है।

1 मई 2018 **ईशा मोहम्मद**

कोलकाता अध्यक्ष

संदर्भ:

1. ई वी ए-एनसाइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड आर्ट
2. ई वी ए-एनसाइक्लोपीडिया आफ विजुअल आर्ट
3. दि ऑक्सफोई कंपैनियत टु आर्ट-संपादक एच ओसबोर्न
4. एस मुखर्जी एवं के चटर्जी—विजन एंड क्रिएशन (प्रेस में)
5. के के गांगुली-सम रिफ्लेक्सेज ऑन कल्चरल रीजनरेशन, ए एक ए, स्वर्ण जयंती खंड
6. एशियाटिक सोसायटी का मासिक बुलेटिन, जून 2016-मई 2018
7. ललित कला कंटेंपरीं, रेलीवेंट इश्यूज़
8. एस क्रैमरिश-जे आई एसओ ए, इंडियन स्कल्पघर
9. एन आर राय-अप्रोच टु इंडियन आर्ट
10. ए के कुमारस्वामी-हिंदू व्यू आफ आर्ट
11. एस के सरस्वती-सर्वे ऑफ इंडियन स्कल्पघर
12. डी पी घोष-पटचित्र ऑफ बंगाल (ए एम आई ए)
13. ई बी हैवल-आइडियल्स ऑफ इंडियन आर्ट
14. अशोक मित्र—भारतेर चित्रकला
15. ताप्ती गुहा ठाकुरता—कॉलोनियलिज्म एंड नेशलिज्म।
16. भवेश सान्याल आर्ट : कल्चर और कमोडिटी : ब्रिटेन टु इंडिया।
17. विनोद बिहारी मुखर्जी—आधुनिक शिल्प शिक्षा।
18. एंड्रयू रॉबिंसन—आर्ट ऑफ रवींद्रनाथ टैगोर।
19. जयंत चक्रवर्ती—पेंटिंग ऑफ रवींद्रनाथ टैगोर।
20. चिंतामणि कर—रबींर छबि।
21. निशीथ रंजन रॉय—पायनियर ट्रैवलर आर्टिस्ट फ्रॉम ब्रिटेन इंडिया।
22. ग्लिनबर्रा कलेक्शन ऑफ इंडियन कंटेंपरेरी जापान।
23. अशोक भट्टाचार्य—बांग्लार चित्रकला।
24. प्रभा विश्व बंग सम्मेलन, 1999-2000 संपादक पवित्र सरकार।

3.

महासचिव की रिपोर्ट

एशियाटिक सोसायटी के माननीय अध्यक्ष प्रोफेसर ईशा मोहम्मद, पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल एवं एशियाटिक सोसाइटी के संरक्षक श्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी , एशियाटिक सोसायटी के कोषाध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार दास, पदक ब्लॉक और व्याख्यान के पुरस्कार प्राप्त करने वाले लब्धप्रतिष्ठित जन, एशियाटिक सोसाइटी के सदस्य और स्टाफ सदस्य, अतिथि गण एवं मित्रो! परिषद के सदस्यों की ओर से तथा एशियाटिक सोसायटी के सदस्यों और स्टाफ सदस्यों की तरफ से नमस्कार और सभी का हार्दिक अभिनंदन ।

ऐतिहासिक 234वीं वार्षिक साधारण सभा के दौरान लगातार दूसरे वर्ष जब मैं एशियाटिक सोसायटी के महासचिव का भाषण प्रस्तुत करने के लिए आपके समक्ष प्रस्तुत हूँ तो मेरा दिमाग मिली -जुली भावना से अभिभूत है।वर्ष 2016 -18 के लिए परिषद की समग्र टीम के साथ मुझे इस बात का संतोष है कि एक तरफ एशियाटिक सोसायटी के सदस्यों और स्टाफ सदस्यों तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के प्रति प्रतिबद्धता की पृष्ठभूमि में कुछ सकारात्मक लक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं ।मुझे इस बात का भी मलाल है कि कार्य के कुछ क्षेत्रों में हमें इतनी सफलता नहीं मिली है ।हम शैक्षणिक कार्य को विस्तार दे सुगम मार्ग प्रशस्त करने में समर्थ रहे हैं, जिसके लिए हम प्रधानतः जिम्मेदार थे किंतु संगठनात्मक आधुनिकीकरण के कुछ क्षेत्रों में हमें अभी भी कारगर कदम उठाने हैं। वस्तुतः उस दिशा में पहले ही कदम उठाया जा चुके हैं।

बदलते सामाजिक राजनीतिक परिदृश्य में विशेष ऐतिहासिक कालखंड में सांस्कृतिक विरासत की पहचान करने का फलदायी प्वाइंट कुछ स्थिर दार्शनिक अवधारणाओं को रखना अथवा विकासोन्मुखी दहलीज का निर्माण करना हो सकता है। इस कथन की आनुभाविक अवधारणा को संगत बनाने से पूर्व मुझे विषयांतर होने दें और आपके साथ मैं यह साझा करना चाहूंगा कि 7 मई कोअंग्रेजी के दार्शनिक डैविड ह्यूम का जन्मदिन है। उनका जन्म 1711 में हुआ था ।वे अपने महत्वपूर्ण प्रकाशन ट्रीटीज ऑन ह्यूमन नेचर के लिए जाने जाते हैं और अकस्मात तर्क करने के अपने आनुभविक दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध हैं। आज के महत्वपूर्ण कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात हम 9 मई 2018 को रविंद्र नाथ टैगोर की 158वीं जयंती मनाएंगे। वैश्विक सभ्यता के स्पेक्ट्रम के संदर्भ में इस युगदृष्टा ने मानवीय उत्कृष्टता और कौशल को लाभदायक ढंग से संश्लेषित किया है ।बंगाल की एशियाटिक सोसायटी की 150वीं वर्षगांठ पर जयंती समारोह के आयोजन के अवसर पर 15 जनवरी 1934 को एशियाटिक सोसायटी द्वारा उन्हें विशेष मानद सदस्य की उपाधि से विभूषित किया गया।

इन दोनों को एक साथ रखने का मेरा प्रयोजन मुझे इस बात के लिए रोमांचित करता है कि बुनियादी मानवीय मूल्यों का पता चले, नवीन अवधारणाओं की सामूहिक अभिव्यक्ति हो और संगत तर्कों को बल मिले, जिससे कि रचनात्मक यात्रा की दिशा में मानव मस्तिष्क को लगाया जा सके।

एशियाटिक सोसायटी अपने शोधकर्ताओं को नया शोध करने के लिए प्रेरित करने और शोध का शिक्षा जगत तथा जनता तक प्रसार करने के लिए ज्ञान विकास केंद्र के रूप में अनवरत प्रयासरत है ।एशियाटिक सोसायटी के संस्थापक सर विलियम जॉन्स ने 1784 में अपने पहले प्रवचन में व्यापक शैक्षणिक क्षेत्र की रूपरेखा निर्धारित की थी और तब से एशियाटिक सोसायटी उस समृद्ध विरासत को संजोकर रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विगत 1 वर्ष के दौरान आयोजित शैक्षणिक कार्यक्रमों पर संक्षेप में प्रकाश डालता हूं। विविध कार्यक्रमों की स्पष्ट संबद्धता को देखकर आप संभवतः सक्षम हो सकेंगे क्योंकि इन कार्यक्रमों में सारगर्भित ढंग से कार्यात्मक निरंतरता है।

हमने विषयगत महत्व के मुद्दों पर लगभग 24 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और कार्यशालाओं तथा लगभग 30 अक्षय निधि व्याख्यान और विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किए थे। इस एकत्रीकरण में विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी व्यक्तियों, सामाजिक दृष्टि तथा लब्धप्रतिष्ठित शिक्षाविदों के योगदान पर विचार-विमर्श आयोजित किए गए। उदाहरण के रूप में ,संस्कृत के विद्वान के के हैंडिक़ से लेकर असीमा चटर्जी अथवा समरेंद्र नाथ जैसे वैज्ञानिक ,महान चिकित्सक डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय से लेकर प्रसिद्ध भाषाविद आचार्य सुनील कुमार चटर्जी, शिक्षाशास्त्री एवं समाज सुधारक बेगम रोकेया से लेकर सामाजिक- धार्मिक उपदेशक ठाकुर पंचानन वर्मा का हमारे शैक्षणिक कार्यक्रमों में योगदान रहा। इसी तरह, हमने पश्चिम बंगाल में जनजातीय जीवन से लेकर शास्त्रीय ज्ञान केंद्र में नव्य न्याय अथवा संस्कृत के संवर्धन पर संगोष्ठी/ कार्यशाला का आयोजन किया। विचार- विमर्श के विषयों का विस्तार जहां एक ओर बौद्धधर्म, धर्मशास्त्र, लुप्त सरस्वती नदी ,चार्य गीतकोश तक था, वहीं दूसरी ओर भारतीय समाजशास्त्र और भारतविद्या के अंतराफलक तथा स्टेम कोशिकाओं के नूतन अध्ययन पर भी केंद्रित था ।पूर्वोत्तर भारत की छठी अनुसूची की स्थिति और संभावनाओं पर महत्वपूर्ण गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस विचार- विमर्श में देश के विभिन्न भागों से लब्धप्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। अक्षयनिधि व्याख्यान में भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है जिन्होंने 20 नवंबर 2017 को एशियाटिक सोसाइटी में पहला राजा राजेंद्रलाल मित्र स्मारक व्याख्यान दिया। उन्होंने डॉ राजा राजेंद्रलाल मित्र और एशियाटिक सोसाइटी में भारतविद्या अध्ययन थीम पर बातचीत की। इसी तरह, एशियाटिक सोसाइटी की 235 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 15 जनवरी 2018 को इस देश में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी वैज्ञानिकों में से एक डॉक्टर के कस्तूरीरंगन द्वारा दिए गए स्थापना दिवस व्याख्यान का भी उल्लेख किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक विकास पर भारत के अंतरिक्षीय प्रयास के प्रभाव के बारे में बातचीत की ।लोकमाता सिस्टर निवेदिता से लेकर पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध पेंटर तथा अपनी अंतर्दृष्टि से अंधता पर काबू पाने वाले विनोद बिहारी मुखोपाध्याय तक विभिन्न पहलुओं पर मूल्यवान व्याख्यान आयोजित किए गए हैं। असम के प्रसिद्ध विद्वान आनंदोरम बरुआ के योगदान की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यान के साथ- साथ इन शैक्षणिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त दो फिल्मों का भी प्रदर्शन किया गया। विभिन्न

महत्वपूर्ण विषयों पर पुस्तकालय कथा संग्रहालय में प्रदर्शनियों का नियमित रूप से आयोजन किया गया। अगस्त 2017 के अंतिम सप्ताह में विगत एवं वर्तमान: एशियाटिक सोसाइटी ,कोलकाता में मानव ज्ञानकोश विषय पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के सहयोग से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

विभिन्न विषयों पर अंतरिक्ष अनुसंधान अध्येताओं और कुछ बाह्य अध्याताओं के सहयोग से हमने अनुसंधान परियोजनाओं का शुभारंभ किया। एक सरसरी नजर से आपको उन विषयों की संक्षिप्त जानकारी मिल सकेगी जिन पर अध्ययन किया जा रहा है ।इन विषयों में शास्त्रीय पाठ का अध्ययन ,मूल्यवान प्राचीन पांडुलिपियों का संपादन, बौद्धधर्म अध्ययन, दक्षिण एशियाई इतिहास के चीनी स्रोत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इतिहास में तकनीकी विज्ञान का प्राचीन भारतीय संदर्भ और इसी तरह के अन्य विषय शामिल हैं। अध्ययन के अंतर्गत मैक्सम्यूलर भारतविद्या की समीक्षा से लेकर पूर्वोत्तर भारत में महिला सशक्तिकरण ,मालवा (मध्यप्रदेश)में प्रादेशिक अध्ययन से लेकर मटुआ (पश्चिम बंगाल) के सामुदायिक अध्ययन, आधुनिक बंगाली नाटक की भाषा- शैली से लेकर पूर्वोत्तर भारत की उत्कीर्ण छवियां, जंगलमहल के आदिवासियों से लेकर पूर्वोत्तर भारत की कुकी चिन के सामाजिक- भाषाशास्त्रीय अध्ययन, पश्चिम बंगाल के पारंपरिक गोड़िया नृत्य से लेकर मणिपुर के नृत्यगुरु विपिन सिंह द्वारा कल्पित नृत्य प्रकार के अध्ययन, रामायण और महाभारत में निरूपित अभिनय कला से लेकर मूल उपनिषदों में प्रतिबिंबित अभिनय कला, जाति भाषाशास्त्र से लेकर जाति पशुचिकित्सा के विषय समाविष्ट थे ।आधुनिक बंगाल का व्यापक इतिहास 1700 से 1950तक विषय पर महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारत और विदेश के अभिनेताओं के सहयोग से इसे तीन खंडों में प्रकाशित किया जाएगा ।विश्व भारती के पूर्व कुलपति प्रोफेसर सब्यसाची भट्टाचार्य ने कार्यक्रम का प्रस्ताव किया और इस सम्मानजनक शैक्षणिक कार्यक्रम के समन्वय के लिए सेवा प्रदान की इस अवधि के दौरान कई सहयोगी कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए इन कार्यक्रमों में अल्लामा रूमी सोसायटी बांग्लादेश के सहयोग से सैयद अहमद हक बंगाल का रूम पर संगोष्ठी और दूसरी ओर प्रोफ़ेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 125वीं जयंती के अवसर पर भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता के सहयोग से संगोष्ठी आयोजित की गई ।कुछ महत्वपूर्ण अवसरों पर विभिन्न शैक्षणिक और पेशेवर निकायों के सहयोग से सहयोगी कार्यक्रमों को संचालित किया गया ।इन कार्यक्रमों में प्रसिद्ध इतालवी भाषाविद एल पी तेस्सीतोरी के सहयोग से गठित राजस्थानी प्रचारिणी सभा सम्मिलित है, जो एशियाटिक सोसाइटी से संबद्ध थे और जिन्होंने राजस्थान में भाषाओं पर कार्य किया। प्रसिद्ध इतिहासकार व राष्ट्रीय पुस्तकालय ,कोलकाता के पूर्व निदेशक स्वर्गीय प्रोफेसर असित दासगुप्ता के योगदान से गठित पश्चिम बंग इतिहास संसद इनमें शामिल है ।एशियाटिक सोसाइटी में पहली बार अनुसंधान अध्येताओं द्वारा एक विशिष्ट संगोष्ठी आयोजित की गई। उन्होंने एशियाटिक सोसाइटी में वर्तमान अनुसंधान :उभरते क्षेत्र थीम को चुना था ।प्रत्येक मासिक साधारण बैठक के दौरान महत्वपूर्ण व्याख्यानों का नियमित रूप से आयोजन किया गया ,जहां विज्ञान, कला और मानविकी जैसे विविध शैक्षणिक क्षेत्रों से संबद्ध लब्धप्रतिष्ठित विद्वानों ने अपनी रुचि के संबंधित क्षेत्रों के विषयों पर व्याख्यान दिए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कई भारतीय और विदेशी व्यक्तियों का आगमन हुआ। उदाहरण के रूप में ,डॉक्टर महेश शर्मा ,माननीय संस्कृति मंत्री, भारत सरकार, डॉक्टर कसाबा बालोग, लोक प्रशासन राज्यमंत्री, विदेश एवं व्यापार मंत्री, हंगरी, प्रोफेसर अरविंद जामखेड़कर ,अध्यक्ष ,भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ,प्रोफ़ेसर माहफ़ूज़ा ख़ानम, अध्यक्ष, एशियाटिक सोसायटी, बांग्लादेश,ढाका ,प्रोफेसर एच एच रॉबिंसन, उत्तर अमेरिकी प्राचीन एवं शास्त्रीय अध्ययन संस्थान , जापान के डॉ क्योको निवा और इसी तरह के अन्य लोग शामिल थे।

उपर्युक्त के अतिरिक्त मूल्यवान पुस्तकों एवं पांडुलिपियों के डिजीटीकरण का कार्य भी किया गया। लोकल एरिया नेटवर्क सुविधा का भी शुभारंभ किया गया है ,जिससे कि सोसायटी का समस्त कार्यालय इंटरनेट सुविधाओं से जुड़ सके और पुस्तकालय ऑटोमेशन तथा डिजिटीकरण जैसे अन्य नेटवर्क आधारित कार्य हो सकें। सोसायटी के वेबसाइट को अद्यतित कर दिया गया है। सभी बैठकों की कार्यवाहियों के रिकॉर्डिंग सिस्टम में सुधार लाने के लिए नई ध्वनि प्रणाली को एशियाटिक सोसायटी के विद्यासागर हॉल में संस्थापित किया गया है। आंतरिक डिजीटी करण कार्य को सुदृढ़ बनाने के लिए एक बुक आई-4 स्केनर की खरीद की गई है ।मेटकॉफ़ हॉल में पाठक सेवा में सुधार किया जा रहा है। सोसायटी के सॉल्ट लेक भवन को पुनर्व्यवस्थित करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

पुस्तकालय एवं संग्रहालय अनुभागों में पूरे विश्व के अध्येताओं को सेवा प्रदान करने के साथ-साथ मूल्यवान पुस्तकों ,प्रलेखों,पांडुलिपियों, पेंटिंगोेंं और इसी तरह की अन्य वस्तुओं के संरक्षण का भी कार्य किया जा रहा है।

सभी स्मारकों, जर्नलों, बुलेटिनों इत्यादि के नियमित प्रकाशन के साथ -साथ प्रकाशन विभाग ने दिल्ली और कोलकाता में पुस्तक मेले में सहभागिता भी की है। इस अनुभाग ने हाल ही में एशियाटिक सोसायटी परिसर में पुस्तक बाजार का आयोजन किया है जिससे अध्येताओं और जनता में अत्यधिक रुचि पैदा हो गई है।

3 अवसरों पर पिछले वर्ष के पुरस्कार प्राप्त करने वाले उन व्यक्तियों को उनके आवास पर अथवा जिन संस्थानों से वे संबद्ध थे, वहांपर उन्हें सम्मानित किया गया है जो वृद्धावस्था और स्वास्थ्य संबंधी कारणों से व्यक्तिगत रूप से नहीं आ पाए थे ।उदाहरण के रूप में, प्रसिद्ध जीवविज्ञानी डॉक्टर रतनलाल ब्रह्मचारी, जिनका हाल ही में निधन हो गया, को उनके आवास पर सम्मानित किया गया। डॉ कपिला वात्सायन तथा प्रोफेसर सुनीति कुमार पाठक को क्रमशः इंडिया इंटरनेशनल सेंटर ,नई दिल्ली और भाषा भवन, विश्व भारती ,शांति निकेतन में आयोजित कार्यक्रमों में सम्मानित किया गया।

हिंदी प्रकोष्ठ ने नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित किए हैं ।इस प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी पखवाड़ा, हिंदी कार्यशाला और अन्य तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सोसायटी ने विश्व पर्यावरण दिवस, स्वच्छ पखवाड़ा ,सतर्कता जागरूकता, एकता दिवस, सद्भावना दिवस ,अंतरराष्ट्रीय विरासत दिवस, आतंकरोधी दिवस और इसी तरह के अन्य महत्वपूर्ण अवसरों को मनाया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान संगठन के कतिपय नेमी मामलों को निपटाने के लिए स्थाई वित्त समिति की

बैठक आयोजित की गई ।सुरक्षा विभाग अधिक सतर्क रहा है तथा प्रशासन और लेखा अनुभागों ने अपनी नियमित मॉनिटरिंग प्रणाली में सुधार लाया है।

निष्कर्षतः मैं इस वार्षिक उद्‌बोधन में इस बात पर बल देना चाहूंगा कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान एशियाटिक सोसायटी अपेक्षित निष्पादन देने में सफल रही है तथा आने वाले महीनों में बहुविध शैक्षणिक कार्यक्रमों को संपन्न करने के लिए सक्षम हो गई है। तथापि ,सोसायटी के सदस्यों से प्राप्त अधिदेश के आधार पर नई परिषद भावी कार्य की नीति को तय करेगी। इन सभी कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन में सोसायटी के कर्मचारियों ने हमेशा पूर्णत सहयोग प्रदान किया है ।अंत में मैं यह कहना चाहूंगा कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और विशेष रूप से माननीय संस्कृति मंत्री डॉ महेश शर्मा ने पूर्णतः नैतिक और सकारात्मक सहयोग प्रदान किया है जिससे एशियाटिक सोसायटी की शानदार छवि को कायम रखने और राष्ट्र के सामने इसे रखने मे सफलता मिली है ।एक बार मैं पुनः एशियाटिक सोसाइटी की वार्षिक साधारण बैठक में आप सभी को धन्यवाद देता हूं। नमस्कार ,नमस्ते...

1 मई 2018
कोलकाता

सत्यव्रत चक्रवर्ती
महासचिव

4.

एशियाटिक सोसाइटी की परिषद

(2016-2018)

अध्यक्षः

प्रोफेसर ईशा मुहम्मद

उपाध्यक्षः

प्रोफेसर अपराजिता बासु
प्रोफेसर आलोककांति भौमिक
प्रोफेसर सुभाष रंजन चक्रवर्ती
प्रोफेसर स्वपन कुमार प्रामाणिक

महासचिवः

डॉ.सत्यव्रत चक्रवर्ती

कोषाध्यक्षः

प्रोफेसर सुजीत कुमार दास

मानव विज्ञान सचिवः

प्रोफेसर रंजना राय

जीवविज्ञान सचिवः

प्रोफेसर अशोक कांति सान्याल

इतिहास एवं पुरातत्वविज्ञान सचिवः

प्रोफेसर अरुण कुमार बंद्योपाध्याय

पुस्तकालय सचिवः

प्रोफेसर विप्लव चक्रवर्ती

चिकित्साविज्ञान सचिवः

डॉ. सुबीर कुमार दत्त

भाषाशास्त्रीय सचिवः

श्री श्यामसुंदर भट्टाचार्य

भौतिक विज्ञान सचिवः

प्रोफेसर राजकुमार रॉय चौधरी

प्रकाशन सचिवः

डॉ. रामकृष्ण चटर्जी

संयुक्त भाषाशास्त्रीय सचिवः

डॉ. एम. फिरोज़

सदस्यः

प्रोफेसर कृष्णपद मजुमदार

प्रोफ़ेसर नवनारायण बंद्योपाध्याय

प्रोफेसर शाहनाज़ नवी

प्रोफेसर सोमनाथ मुखोपाध्याय

भारत सरकार के प्रतिनिधिः

संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार

महानिदेशक,राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद,
कोलकाता

सचिव एवं क्यूरेटर,
विक्टोरिया मेमोरियल हॉल,
कोलकाता

निदेशक,
पूर्वी आंचलिक सांस्कृतिक केंद्र,
कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिनिधिः

लोक शिक्षा निदेशक (डीपीआई),
उच्चतर शिक्षा विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार

एशियाटिक सोसाइटी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिः

प्रोफ़ेसर प्रदीप भट्टाचार्य

□

5.

योजना बोर्ड एवं स्थायी वित्त समिति

योजना बोर्ड

[एशियाटिक सोसाइटी अधिनियम 1984 की धारा 8(1) के अंतर्गत गठित]

1. *सचिव,संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार*
   अध्यक्ष
2. *अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार*
   सदस्य
3. महानिदेशक,राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद-कोलकाता
   सदस्य
4. महानिदेशक,राजा राममोहन रॉय पुस्तकालय प्रतिष्ठान,कोलकाता
   सदस्य
5. सचिव एवं क्यूरेटर,विक्टोरिया मेमोरियल हॉल,कोलकाता
   सदस्य
6. प्रधान सचिव,उच्चतर शिक्षा विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार
   सदस्य
7. अध्यक्ष, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता
   सदस्य
8. महासचिव, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता
   संयोजक

स्थायी वित्त समिति

[विनियम 4क(1) के अनुसार गठित]

1. अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
अध्यक्ष

2. निदेशक, भारतीय संग्रहालय,कोलकाता
सदस्य

3.निदेशक,मौलाना अबुल कलाम आज़ाद एशियाई अध्ययन संस्थान,कोलकाता
सदस्य

4.लोक शिक्षा निदेशक (डीपीआई),उच्चतर शिक्षा विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार
सदस्य

5.डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती,*महासचिव*,एशियाटिक सोसाइटी
सदस्य

6.प्रोफेसर स्वपन कुमार प्रामाणिक,*उपाध्यक्ष*,एशियाटिक सोसाइटी
सदस्य

7.प्रोफेसर सुजीत कुमार दास,*कोषाध्यक्ष*,एशियाटिक सोसाइटी
सदस्य

6.

समिति एवं उप समिति

पुस्तकालय समिति

[उपविधि V के अनुसार गठित]

1.प्रोफेसर ईशा मुहम्मद
अध्यक्ष

2. डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती
महासचिव

3. प्रोफेसर सुजीत कुमार दास
कोषाध्यक्ष

4. प्रोफ़ेसर विप्लव चक्रवर्ती
पुस्तकालय सचिव

5. प्रोफ़ेसर रामकृष्ण चटर्जी
प्रकाशन सचिव

6.श्री श्यामसुंदर भट्टाचार्य
भाषाशास्त्रीय सचिव

7. डॉ. एम. फिरोज़
संयुक्त भाषाशास्त्रीय सचिव

8.प्रोफ़ेसर अशोक कांति सान्याल
जीवविज्ञान सचिव

9. प्रोफेसर राजकुमार रॉय चौधरी
भौतिकविज्ञान सचिव

10. डॉ. सुबीर कुमार दत्त
चिकित्साविज्ञान सचिव

11. **प्रोफ़ेसर अरुण बंद्योपाध्याय**
इतिहास एवं पुरातत्व सचिव

12. **प्रोफ़ेसर रंजना राय**
मानवविज्ञान सचिव

13. **प्रोफ़ेसर कृष्णपद मजुमदार**

14. **प्रोफेसर सर्वीद्रनाथ भट्टाचार्य**

15. **प्रोफ़ेसर सुबुद्धिचरण गोस्वामी**

प्रकाशन समिति
[उपविधि XXXVII के अनुसार गठित]
1.**प्रोफेसर ईशा मुहम्मद**
अध्यक्ष

2. **डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती**
महासचिव

3. **प्रोफेसर सुजीत कुमार दास**
कोषाध्यक्ष

4.**प्रोफ़ेसर रामकृष्ण चटर्जी**
प्रकाशन सचिव

5.**श्री श्यामसुंदर भट्टाचार्य**
भाषाशास्त्रीय सचिव

6. **डॉ. एम. फिरोज़**
संयुक्त भाषाशास्त्रीय सचिव
7.**प्रोफ़ेसर अरुण बंद्योपाध्याय**
इतिहास एवं पुरातत्व सचिव

8. **प्रोफ़ेसर स्वपन कुमार प्रामाणिक**
उपाध्यक्ष

9.**प्रोफ़ेसर सुभाषरंजन चक्रवर्ती**
उपाध्यक्ष

10.**प्रोफ़ेसर आलोक कांति भौमिक**
उपाध्यक्ष

11.**प्रोफ़ेसर अपराजिता बासु**
उपाध्यक्ष

12. **प्रोफ़ेसर रंजना राय**
मानवविज्ञान सचिव

13. **प्रोफ़ेसर दिलीप बासु**
14. **प्रोफ़ेसर सोमनाथ मुखोपाध्याय**
15.**प्रोफ़ेसर नवनारायण बंद्योपाध्याय**

बिब्लियोथेका इंडिका समिति

[उपविधि XXXVIII के अनुसार गठित]

1.**प्रोफेसर ईशा मुहम्मद**
अध्यक्ष

2. **डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती**
महासचिव

3. **प्रोफेसर सुजीत कुमार दास**
कोषाध्यक्ष

4.**प्रोफ़ेसर रामकृष्ण चटर्जी**
प्रकाशन सचिव

5.**श्री श्यामसुंदर भट्टाचार्य**
भाषाशास्त्रीय सचिव

6. डॉ. शहनाज़ नवी

7. डॉ. एम. फिरोज़
संयुक्त भाषाशास्त्रीय सचिव

8. प्रोफ़ेसर बदीउर्रहमान
9. प्रोफ़ेसर मुशर्रफ़ हुसैन
10. प्रोफ़ेसर बेला भट्टाचार्य
11. प्रोफ़ेसर उमा चट्टोपाध्याय
12. प्रोफ़ेसर अमित कुमार भट्टाचार्य
13. प्रोफ़ेसर नवनारायण बंद्योपाध्याय

शैक्षणिक समिति:

1.प्रोफेसर ईशा मुहम्मद
अध्यक्ष

2. डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती
महासचिव

3. प्रोफेसर सुजीत कुमार दास
कोषाध्यक्ष

4. प्रोफेसर स्वपन कुमार प्रामाणिक
उपाध्यक्ष

5.प्रोफ़ेसर सुभाषरंजन चक्रवर्ती
उपाध्यक्ष
6. प्रोफ़ेसर आलोक कांति भौमिक
उपाध्यक्ष

7. प्रोफ़ेसर रामकृष्ण चटर्जी
प्रकाशन सचिव

8.श्री श्यामसुंदर भट्टाचार्य
भाषाशास्त्रीय सचिव

9.**प्रोफ़ेसर अशोक कांति सान्याल**
जीवविज्ञान सचिव

10. **प्रोफेसर राजकुमार रॉय चौधरी**
भौतिकविज्ञान सचिव

11. **प्रोफ़ेसर अरुण बंद्योपाध्याय**
इतिहास एवं पुरातत्व सचिव

12.**डॉ. सुबीर कुमार दत्त**
चिकित्साविज्ञान सचिव

13. **प्रोफ़ेसर रंजना राय**
मानवविज्ञान सचिव

14. **प्रोफेसर पल्लव सेनगुप्ता**
15. **प्रोफेसर आतिस दासगुप्ता**
16. **प्रोफेसर अमिता चक्रवर्ती**
17. **प्रोफेसर प्रदीप भट्टाचार्य**

18.**डॉ.एम फ़िरोज़**
संयुक्त भाषाशास्त्रीय सचिव

19.**प्रोफ़ेसर मृणालकांति गंगोपाध्याय**

पांडुलिपि एवं कला क्रय समिति

1.**प्रोफेसर ईशा मुहम्मद**
अध्यक्ष

2. **डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती**
महासचिव

3. **प्रोफेसर सुजीत कुमार दास**
कोषाध्यक्ष

4.प्रोफ़ेसर सोमनाथ मुखोपाध्याय

5.प्रोफ़ेसर सुमन कुमार पाल
प्राचार्य, गवर्नमेंट आर्ट कॉलेज, कोलकाता

6.प्रोफ़ेसर अजय घोष

7.प्रोफेसर प्रकाश दास

8.प्रोफेसर सुबुद्धिचरण गोस्वामी

तैलचित्र जीर्णोद्धार हेतु विशेषज्ञ समिति
1.प्रोफेसर ईशा मुहम्मद
अध्यक्ष

2. डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती
महासचिव

3. प्रोफेसर सुजीत कुमार दास
कोषाध्यक्ष

4.प्रोफ़ेसर सोमनाथ मुखोपाध्याय

5.प्रोफ़ेसर सुमन कुमार पाल
प्राचार्य, गवर्नमेंट आर्ट कॉलेज, कोलकाता

6.प्रोफ़ेसर अजय घोष

7.प्रोफेसर प्रकाश दास

8.प्रोफ़ेसर प्रशांत कोली

9.श्रीमती शांति माझी

विस्तार समिति

1. डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती
महासचिव

2. प्रोफेसर सुजीत कुमार दास
कोषाध्यक्ष

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित बैठकों के माध्यम से सोसाइटी का कार्य संचालित किया गया –

- **परिषद की बैठकें** 10(दस)
- **मासिक सामान्य बैठक** 10(दस)
- **पुस्तकालय समिति की बैठकें** 11(ग्यारह)
- **प्रकाशन समिति की बैठकें** 10(दस)
- **शैक्षणिक समिति की बैठकें** 11(ग्यारह)
- **बिब्लियोथेका इंडिका समिति की बैठक** शून्य
- **स्थायी वित्त समिति की बैठक** 01(एक)

7.

वर्ष 2017 के पदक, बिल्ला (प्लॉक) तथा वक्तृता पुरस्कार पाने वालों की सूची

इंदिरा गांधी स्वर्ण प्लॉक:

डॉ. एम हामिद अंसारी, भारत के माननीय पूर्व उप राष्ट्रपति को अंत:सांस्कृतिक सहयोग एवं मानव प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

रवीन्द्रनाथ टैगोर जन्मशताब्दी प्लॉक:

प्रोफेसर सव्यसाची भट्टाचार्य,विश्वभारती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति को मानव संस्कृति के क्षेत्र में योगदान संबंधी उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार के लिए चुना गया।

हेमचंद्र रायचौधरी जन्मशताब्दी स्वर्णपदक:

प्रोफेसर कुणाल चक्रवर्ती,प्रोफ़ेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास, इतिहास अध्ययन केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय को भारतीय इतिहास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

आर पी चंद्र शताब्दी पदक:

प्रोफ़ेसर एन सुब्बा रेड्डी,पूर्व प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष, मानवविज्ञान, मद्रास विश्वविद्यालय को मानवविज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

प्रोफेसर सुकुमार सेन स्मारक स्वर्ण पदक:

प्रोफेसर फ्रांस भट्टाचार्य,बंगाली भाषा एवं साहित्य की सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर, इन्स्टीट्यूट नात्सियोनाल दे लाँगे ए सिविलिसासियों ओरियाँतालेस, पेरिस कोशैक्षणिक क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

पंडित ईश्वरचंद्र विद्यासागर स्वर्णप्लॉक:

प्रोफ़ेसर मृणाल मिरी,पूर्व निदेशक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एडवान्स्ड स्टडीज़, शिमला को समकालीन सामाजिक कार्यकलापों के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

□

डॉ. विमलाचरण विधि स्वर्ण पदक

प्रोफ़ेसर तामो मिबांग,कुलपति, राजीन गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश को के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

दुर्गाप्रसाद खेतान स्मारक स्वर्ण पदक

प्रोफ़ेसर गोवर्धन मेहता, एफ़एनए, एफ़आरएस, विश्वविद्यालय के लब्धप्रतिष्ठित प्रोफ़ेसर तथा डॉ. कलाम अंजी रेड्डी चेयर, स्कूल ऑफ़ केमिस्ट्री, हैदराबाद विश्वविद्यालय को विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

सर यदुनाथ सरकार स्वर्ण पदक

प्रोफ़ेसर रमाकांत चक्रवर्ती,पूर्व विभागाध्यक्ष,इतिहास,बर्दवान विश्वविद्यालय व एशियाटिक सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष को इतिहास एवं धर्म के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

डॉ. प्रभाती मुखर्जी स्मारक स्वर्ण पदक

श्रीमती शबाना आज़मी, प्रसिद्ध फ़िल्म हस्ती को प्राचीन काल से लेकर अब तक महिला समस्या के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

रणधीर रॉय स्मारक स्वर्ण पदक

प्रोफ़ेसर शिशिरकाना धर चौधरी,प्रसिद्ध वॉयलिन वादक को वाद्य संगीत के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

इंदिरा गांधी स्मारक व्याख्यानः

प्रोफेसर सुकांत चौधरी, सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर, अंग्रेज़ी विभाग, यादवपुर विश्वविद्यालय को सांस्कृतिक बहुलवाद के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

डॉ. पंचानन मित्रा स्मारक व्याख्यानः

प्रोफ़ेसर आर शिव प्रसाद रामभाटला,**प्रोफ़ेसर, मानवविज्ञान विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय को** मानवविज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

पंडित ईश्वरचंद्र विद्यासागर व्याख्यानः

प्रोफेसर जाँ द्रेज़ को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

डॉ. सत्येंद्रनाथ सेन स्मारक व्याख्यानः

श्री चंद्रशेखर घोष, सीईओ, बंधन बैंक को समाजशास्त्र के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

प्रोफेसर सुनीति कुमार चटर्जी स्मारक व्याख्यानः

प्रोफेसर पेरी भास्कर राव, सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर, टोकियो यूनिवर्सिटी ऑफ़ फ़ॉरेन स्टडीज़ को भाषाविज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

आभा माइती स्मारक व्याख्यानः

डॉ. सुभाष चंद्र बंद्योपाध्याय, पूर्व मंत्री, कला एवं वाणिज्य, कलकत्ता विश्वविद्यालय को धर्मनिरपेक्षता के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

डॉ. विमानबिहारी स्मारक व्याख्यानः

प्रोफ़ेसर सुवीर जायसवाल, इतिहास के प्रोफ़ेसर, हैदराबाद विश्वविद्यालय को इतिहास के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया

जी एस आई अध्यर्धशतवर्षीय स्मारक व्याख्यान

डॉ. अनुपेंदु गुप्ता,पूर्व उप महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, कोलकाता को पृथ्वीविज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया।

मानद अध्येता

डॉ. कैलाश चंद्र, निदेशक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण को वर्ष 2017 के लिए एशियाटिक सोसाइटी के मानद अध्येता के रूप में चुना गया है।

8.

अप्रैल 2017 मार्च-2018 के दौरान परिषद में अपनाए गए प्रमुख संकल्प और रिपोर्ट की गई मदें

25 अप्रैल 2017 की बैठक

- महासचिव ने प्रस्ताव किया कि एक संगठनात्मक चार्ट हो, जिसमें विभिन्न विभागों में स्टाफ की तैनाती और संबंधित दायित्व को दर्शाया गया हो । साथ ही, सरकारी दस्तावेजों और रिकॉर्ड के रखरखाव, फाइलों इत्यादि को एक स्थान से दूसरे स्थान को भेजने के कुछ मानदंड हों । महासचिव के कंधे पर बढ़ते कार्यभार के मद्देनजर प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों का कुछ प्रत्यायोजन भी आवश्यक है। इस संबंध में सलाहकार (निदेशक), वित्त नियंत्रक तथा प्रशासनिक अधिकारी (प्रभारी) परिषद के विचारार्थ तत्काल एक प्रारूप तैयार करें।

- सोसायटी के विभिन्न विभागों में प्रयुक्त मदों के निपटान के लिए एक वीडिंग समिति के गठन का प्रोफेसर सुमन कुमार प्रमाणिक ने सुझाव दिया ।उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कोषाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति गठित हो जिसमें सलाहकार (निदेशक) तथा 2/3 जिम्मेदार अधिकारी हों। स्वच्छ भारत कार्यक्रम उसका अंग है, इसलिए यदि संभव हो तो स्वच्छ भारत कार्यक्रम को भी इसमें शामिल किया जाए। प्रोफेसर सुभाष रंजन चक्रवर्ती ने प्रोफेसर प्रामाणिक के प्रस्ताव का समर्थन किया और यह अनुरोध किया कि पुराने विरासत भवन की सीढ़ियों के जीर्णोद्धार का कार्य तत्काल आरंभ किया जाए।
- प्रोफेसर सुभाष रंजन चक्रवर्ती ने सुझाव दिया कि विरासत भवन में अवैध निर्माण / उसको बहुत अधिक नुकसान पहुंचाने के संबंध में मैसर्स पेपिंग रेस्तरां और मैसर्स ग्रेट ईस्टर्न होटल के मामले को परिषद निपटाए।

26 मई 2017 की बैठक

- पूर्ववर्ती परिषद के निर्णय के अनुसार प्रोफेसर नवनारायण भट्टाचार्य यह जानना चाहते थे कि प्राधिकारी ने पार्क स्ट्रीट मेट्रो स्टेशन का नाम एशियाटिक सोसायटी मेट्रो स्टेशन करने के संबंध में माननीय रेलवे मंत्री को कोई पत्र लिखा है । उन्होंने अनुरोध किया कि प्राधिकारी माननीय रेलवे मंत्री को तत्काल पत्र लिखें और उसकी प्रतिलिपि प्रोफेसर प्रदीप भट्टाचार्य को भेजें ।परिषद ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

- डॉ रामकृष्ण चटर्जी, प्रकाशन सचिव ने सूचित किया की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने हाल ही में पूरे देश में कैरियर उन्नयन स्कीम और अध्यापकों की भर्ती तथा विश्वविद्यालयों के अन्य शैक्षणिक स्टाफ के लिए हमारे जर्नल को मान्यता प्रदान की है । डॉक्टर चटर्जी ने यह भी सूचित किया के जर्नल की आईएसएसएन संख्या, जर्नल में लेखों के प्रकाशन से संबंधित दिशा-निर्देश और जनरल से संबंधित अन्य संगत सूचना के साथ नया वेब पेज बनाकर वेबसाइट पर डाल दिया गया है । बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि जर्नल के व्यापक सरकुलेशन और सोसायटी के अन्य शैक्षणिक कार्यकलापों के लिए हमारी वेबसाइट को यथाशीघ्र विकसित और उन्नत किया जाए ।

- परिषद ने यह नोट किया कि एशियाटिक सोसायटी के संबंध में संस्कृति मंत्रालय के स्वायत्त निकाय प्रकोष्ठ की निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और महासचिव को विस्तृत उत्तर भेजने के लिए प्राधिकृत किया। इस संबंध में महासचिव ने सूचित किया कि उन्होंने एक पत्र माननीय मंत्री महोदय, डॉ महेश शर्मा को भेजा है। महासचिव के उपर्युक्त पत्र के प्राप्त होने पर माननीय मंत्री महोदय के ओएसडी ने महासचिव से फोन पर संपर्क किया और सूचित किया कि माननीय मंत्री महोदय के सोसायटी की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए जून के प्रथम सप्ताह तक एशियाटिक सोसायटी पहुंचने की उम्मीद है। महासचिव ने यह भी सूचित किया कि उन्हें एशियाटिक सोसायटी कर्मचारी संघ के सचिव से एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसके साथ उपर्युक्त रिपोर्ट पर उनके प्रेक्षण हैं।

- परिषद ने नोट किया कि वित्त वर्ष 2017 -18 के लिए अंतिम समझौता ज्ञापन सोसायटी को 2 मई, 2017 को प्राप्त हुआ है । इस संबंध में महासचिव ने निगरानी समिति गठित करने का सुझाव दिया ताकि कार्यक्रमों की प्रत्येक महीने समीक्षा की जा सके और यह बैठक नियमित अंतराल से होगी ताकि इस बात पर नजर रखी जा सके कि व्यय हर तरह से उचित तरीके से किए गए हैं।इस समिति में महासचिव और कोषाध्यक्ष, सलाहकार(निदेशक) तथा वित्त नियंत्रक के अतिरिक्त पुस्तकालय एवं प्रकाशन सचिव तथा प्रोफेसर आलोककांति भौमिक, जिनके अधीन शैक्षणिक अनुभाग है, शामिल होंगे। वित्त नियंत्रक समिति के संयोजक होंगे।

- परिषद ने मौलाना अबुल कलाम आजाद एशियाई अध्ययन संस्थान (मकाएस) के सदस्य के रूप में सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करने के लिए एशियाटिक सोसायटी के उपाध्यक्ष, प्रोफेसर सुभाष रंजन चक्रवर्ती को नामित किया। इसकी सूचना संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव (ए एंड ए) को दी जानी तथा उसकी प्रतिलिपि मौलाना अबुल कलाम आजाद एशियाई अध्ययन संस्थान, साल्ट लेक, कोलकाता की निदेशक, डॉ श्रीराधा दत्ता को प्रेषित करना आवश्यक है।

- महासचिव ने सूचित किया के उन्हें सीपीडब्ल्यूडी का इस आशय का एक पत्र मिला है के वे नए भवन के शीर्ष भाग पर दो अतिरिक्त तल के निर्माण का कार्य शीघ्र करेंगे और 6 माह के भीतर इस कार्य को समाप्त कर देंगे ।इस संबंध में महासचिव ने सूचित किया कि सोसायटी के नए भवन के शीर्ष भाग पर दो अतिरिक्त तल के निर्माण के कार्य की प्रगति के संबंध में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ 24.5. 2017 को एक बैठक आयोजित की गई।परिषद ने इस मामले को नोट किया।

29 जून 2017 की बैठक

संविदा आधार पर अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड कार्य पर रखने के प्रस्ताव को परिषद ने सिद्धांततः स्वीकार कर लिया ।क्योंकि अतिरिक्त निधि उपलब्ध कराने की आवश्यकता है,अतः संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से तत्काल अनुमोदन प्राप्त किया जाए ।परिषद ने निर्णय किया कि परिषद की बैठकों में हुए विचार-विमर्श के आधार पर महासचिव द्वारा पहल की जाए और मंत्रालय से वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाए।

परिषद ने एशियाटिक सोसायटी के प्रथम भारतीय अध्यक्ष, राजा राजेंद्रलाल मित्र के नाम से अक्षय निधि व्याख्यान आरंभ करने के प्रस्ताव को सिद्धांततः स्वीकार कर लिया, किंतु समझौता ज्ञापन के शैक्षणिक कार्यकलाप शीर्ष के अंतर्गत योजना शीर्ष से 1000000 रुपए के अक्षय निधि उपलब्ध कराने के लिए सोसाइटी को मंत्रालय को लिखना चाहिए ।इस संबंध में इस व्याख्यान से संबंधित उपविधि भी तैयार की जाएगी ।प्रथम वर्ष के लिए भारत के वर्तमान अध्यक्ष, श्री प्रणव मुखर्जी से भारत के राष्ट्रपति का पद छोड़ने के पश्चात प्रथम राजा राजेंद्रलाल मित्र व्याख्यान के लिए संपर्क किया जा सकता है ।यह निर्णय श्री मुखर्जी के विभिन्न हैसियत से एशियाटिक सोसाइटी से लंबे समय तक जुड़े रहने के कारण किया जा सकता है।

- महासचिव ने सचिव(संस्कृति) के साथ 27.6 .2017 को हुई अपनी बैठक के परिणाम के बारे में बताया जो निम्नलिखित है :

अधोहस्ताक्षरी की सचिव ,संस्कृति मंत्रालय के साथ 27.6. 2017 को नई दिल्ली में पूर्वाहन में उनके कक्ष में बैठक हुई। यह बैठक वित्त वर्ष 2017- 18 के संबंध में समझौता ज्ञापन के अनुसार त्रैमासिक कार्यक्रम की प्रगति और खर्च की समीक्षा करने के लिए सचिव महोदय द्वारा बुलाई गई थी ।सचिव श्री एनके सिंहा ,आईएएस तथा संयुक्त सचिव श्री पंकज राग, आईएएस ने विगत 1 वर्ष के दौरान सोसायटी के शैक्षणिक निष्पादन की सराहना की। तथापि, श्री सिन्हा ने समग्र स्थापना के रखरखाव की तुलना में शैक्षणिक कार्यक्रमों पर हुए बेहिसाब खर्च का मुद्दा एशियाटिक सोसायटी ,कोलकाता के महासचिव के सामने उठाया। इस संबंध में उन्होंने कर्मचारी को दिए गए एम ए सी पी एस में संशोधन संबंधी मुद्दे का भी उल्लेख किया ।एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता के महासचिव ने दलील दी कि परिषद इन दोनों मुद्दों को लेकर अत्यधिक चिंतित है ।परिषद

भविष्य में शैक्षणिक कार्यकलाप को विस्तार देने के लिए भरसक प्रयास करेगी, किंतु दूसरे मुद्दे के संबंध में परिषद कुछ हल ढूंढने का प्रयास कर रही है।

औपचारिक बैठक समाप्त होने के पश्चात महासचिव ने प्रोफेसर प्रदीप भट्टाचार्य ,सांसद (राज्यसभा)और एशियाटिक सोसायटी के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, जो संयोग से श्री एन के सिन्हा, आईएएस के कक्ष में मौजूद थे ,की उपस्थिति में सचिव ,संस्कृत मंत्रालय के सामने उपर्युक्त बात को फिर से रखा ।प्रोफेसर भट्टाचार्य ने श्री सिन्हा को बताया कि उनकी मुलाकात माननीय संस्कृति मंत्री डॉ महेश शर्मा से हुई है और उन्होंने मंत्री महोदय को एक समिति गठित करने का सुझाव दिया है ,जिसके सदस्य सचिव, संस्कृति मंत्रालय, एशियाटिक सोसायटी के महासचिव और कर्मचारियों के प्रतिनिधि हों। श्री सिन्हा ने सूचित किया कि उन्हें पहले ही स्थानांतरण आदेश मिल चुका है और वे शीघ्र ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नए कार्य का उत्तरदायित्व लेने जा रहे हैं।

उपर्युक्त के पश्चात एशियाटिक सोसायटी ,कोलकाता के महासचिव ने एशियाटिक सोसाइटी में प्रतिनियुक्ति पर वित्त नियंत्रक को रखने के लिए अनुमोदन देने से संबंधित लंबित मामले को शीघ्र निपटाने के संबंध में संयुक्त सचिव से मुलाकात की ।उनसे सूचना प्राप्त हुई कि एकीकृत वित्त विभाग(आईएफबी) ने कुछ प्रश्न उठाए हैं, जिनके बारे में स्पष्टीकरण के लिए सोसायटी को सूचित किया जाएगा ।संयुक्त सचिव ने एशियाटिक सोसायटी ,कोलकाता के महासचिव को एमएसीपीएस में शीघ्रातिशीघ्र संशोधन करने के लिए कहा ताकि एशियाटिक सोसायटी के कर्मचारियों के लिए 7वें केंद्रीय वेतन आयोग को लागू किया जा सके। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि फिलहाल बकाया राशि की वसूली न की जाए, जिसके संबंध में बाद में मंत्रालय के संबंधित विभागों के साथ बातचीत की जा सकती है।

- परिषद ने वर्ष 2016--17 के एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता के वार्षिक लेखे को अनुमोदित कर दिया और लेखापरीक्षा दल द्वारा लेखापरीक्षा कराए जाने के लिए व्यवस्था करने के लिए महासचिव को प्राधिकृत कर दिया।

25 अगस्त 2017 की बैठक

- परिषद ने एशियाटिक सोसायटी के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी ,2018 की परिषद के लिए प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार) के बोर्ड के निदेशक, प्रोफेसर कुणाल घोष, पीएचडी ,डीएससी, एफ़एनए को सर्वसम्मति से नामित किया।
- महासचिव ने सूचित किया कि "विगत काल और वर्तमान काल : एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता के खजाने " शीर्षकयुक्त प्रदर्शनी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में

सोसायटी द्वारा आयोजित की गई है, जिसका उद्घाटन 28 अगस्त, 2017 को होगा । 2 कार्मिकों अर्थात श्रीमती सुजाता मिश्रा ,सहायक पुस्तकाध्यक्ष एवं पुस्तकालय प्रभारी तथा श्रीमती केका अधिकारी (बनर्जी) को इस प्रयोजन से दौरे पर भेजा गया है और निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा महासचिव से इस अवसर पर उद्घाटन भाषण देने का अनुरोध किया गया है।

22 सितंबर 2017 की बैठक

- परिषद ने परियोजना प्रबंधन कंसल्टेंसी को जिम्मेदारी सौंपने के पश्चात साल्ट लेक भवन के उपयोग के लिए सोसाइटी में उपलब्ध कलात्मक सामग्री की प्रतिकृतियों के साथ कला और ऐतिहासिक धरोहर की स्थाई प्रदर्शनी लगाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया और इस कार्य के पर्यवेक्षण के लिए एक समिति गठित की गई है ,जिसमें अध्यक्ष ,महासचिव, कोषाध्यक्ष ,प्रोफेसर सुभाष रंजन चक्रवर्ती, डॉ रामकृष्ण चटर्जी, प्रोफेसर आलोक कांति भौमिक , वित्त नियंत्रक, पुस्तकाध्यक्ष और क्यूरेटर शामिल होंगे।

17 नवंबर 2017 की बैठक

- परिषद के कुछ सदस्यों ने 31 दिसंबर 2018 तक समझौता ज्ञापन को बढ़ाने की अनुमति देने पर आपत्ति जताई ।वर्ष 2018 को ध्यान में रखते हुए, जो भारत और भूटान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना का स्वर्ण जयंती वर्ष है ,परिषद ने अंतिम विस्तार को अनुमोदित किया है ,जो 31 दिसंबर 2018 तक ही होगा ।परिषद ने परिषद की भावनाओं को विदेश मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय ,भारत सरकार को सूचित करने के लिए महासचिव को प्राधिकृत किया।

महासचिव ने वर्ष 2017-2018 की परिषद के पदाधिकारियों और अन्य सदस्यों के निर्वाचन के लिए निर्वाचन समिति के सदस्यों के निम्नलिखित नाम पढ़कर सुनाए और परिषद ने निर्वाचन समिति के गठन को नोट कर लिया।

- संयुक्त सचिव, एशियाटिक सोसायटी के प्रभारी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले एशियाटिक सोसाइटी की परिषद के सरकारी सदस्य।

- लोक शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग ,पश्चिम बंगाल सरकार एवं पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले एशियाटिक सोसाइटी की परिषद के सरकारी सदस्य ।

- सोसाइटीज के रजिस्ट्रार ,पश्चिम बंगाल सरकार ।

- महासचिव ने सूचित किया कि उन्हें सुश्री सुभाषिनी एन, उपसचिव, भूटान का 18 अक्टूबर 2017 का ई-मेल प्राप्त हुआ है, जिसे अवर सचिव, संस्कृति मंत्रालय द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर, 2017 के पत्र फाइल संख्या 20-1/ 2015 ए एंड ए द्वारा अग्रेषित किया गया है, जिसमें संस्कृति मंत्रालय से अनुरोध किया गया है कि एशियाटिक सोसायटी के परामर्श से भूटान को उधार दी गई धर्मराज प्रतिमा के मामले में समझौता ज्ञापन को 31 दिसंबर, 2018 तक बढ़ा दिया जाए । इस बात का ई-मेल में उल्लेख किया गया था कि वर्ष 2018 भारत और भूटान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना का स्वर्ण जयंती वर्ष है।

25 जनवरी 2018 की बैठक

- परिषद ने वर्ष 2016-17 के एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता के लेखों की परीक्षा से संबंधित निरीक्षण रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जो महानिदेशक(लेखा परीक्षा), केंद्रीय, कोलकाता के कार्यालय से प्राप्त हुई थी। महासचिव ने इसके लिए वित्त नियंत्रक को धन्यवाद ज्ञापित किया क्योंकि वर्तमान परिषद के कार्यकाल में लेखापरीक्षा द्वारा किसी तरह की प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई।

- महासचिव ने सूचित किया कि धर्मराज को 1 जनवरी, 2018 से 31 दिसंबर, 2018 तक उधार दिए जाने से संबंधित समझौता ज्ञापन के विस्तार के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई कर दी गई है। धर्मराज (जो इस समय भूटान में है) की बीमा का नवीकरण राष्ट्रीय बीमा प्रतिनिधियों, भूटान कंसुलेट जनरल के अधिकारियों और एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता के अधिकारियों की उपस्थिति में 24.1. 2018 को किया गया ।भूटान कंसुलेट जनरल, कोलकाता के कार्यालय द्वारा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 378583 रुपए का चेक सौंपा गया है। बीमा की मूल प्रति 30 जनवरी, 2018 को सोमवार को प्रस्तुत की जाएगी। बीमा पॉलिसी प्राप्त करने के पश्चात उपर्युक्त प्रतिमा के संबंध में अस्थाई निर्यात परमिट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के परामर्श से तैयार किया जाएगा।

26 फरवरी 2018 की बैठक

- महासचिव ने अपनी पूर्ववर्ती रिपोर्ट पर बल दिया कि माननीय संस्कृत मंत्री, डॉ महेश शर्मा ने इच्छा जताई कि एशियाटिक सोसायटी पूरे विश्व में अपनी छवि के प्रसार के लिए एक समारोह का आयोजन करे। इस संबंध में उन्होंने परिषद के सभी सदस्यों को इस समारोह के आयोजन के संबंध में लिखित रूप में अथवा फोन पर विशिष्ट प्रस्ताव भेजने के लिए कहा।परिषद ने इस मामले को नोट किया और यह निर्णय किया गया कि प्रोफेसर सुभाष रंजन चक्रवर्ती , उपाध्यक्ष परिषद के कुछ सदस्यों के साथ प्रस्ताव का प्रारूप तैयार करेंगे और उसके आधार पर महासचिव एक बैठक बुलाएंगे , जिसमें महानिदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, क्यूरेटर एवं सचिव, विक्टोरिया मेमोरियल

हॉल,महानिदेशक, भारतीय संग्रहालय, महानिदेशक, राजा राम मोहन रॉय पुस्तकालय प्रतिष्ठान को आमंत्रित करेंगे ताकि प्रस्ताव अंतिम रूप से तैयार किया जा सके जिसे संस्कृत मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय को प्रेषित किया जा सके।

- परिषद ने एशियाटिक सोसायटी के प्रशासनिक अधिकारी,अरुप्रातन बागची को प्रशासनिक अधिकारी के साथ एशिया के केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया ।इसकी सूचना संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार को तुरंत दी जाए।

- महासचिव ने सूचित किया कि 19-2-2018 को पांडुलिपि संसाधन केंद्र सलाहकार समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जो पांडुलिपि संसाधन केंद्र, नई दिल्ली से प्राप्त पृथक निधि के सहयोग से 23. 12. 2015 से एशियाटिक सोसाइटी में काम कर रही थी ।प्रथम समझौता ज्ञापन पर 12. 09 .2014 को राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन और एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता के बीच हस्ताक्षर किया गया। वित्त नियंत्रक को एक हस्ताक्षरकर्ता के रूप में बैंक परिचालन प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए। संविदा आधार पर नियुक्त किए गए चार कर्मचारियों (सर्वेक्षक दो, सूचीकार 1 और डाटा एंट्री ऑपरेटर 1) की नियुक्ति की अवधि को 1.10. 2017 से1 वर्ष बढ़ाने का सलाहकार समिति ने नियमानुसार निर्णय किया । श्री श्यामसुंदर भट्टाचार्य ने सुझाव दिया कि सी यू एम आर सी से एशियाटिक सोसाइटी में उनके द्वारा किए गए कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा जाए। इस परियोजना के संयोजक और वरिष्ठ सूची कार, डॉक्टर जगतपति सरकार ने सूचित किया कि एन एम एम पूरे देश में पांडुलिपियों का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार कर रहा है । परिषद ने इस मामले को नोट किया।

- कोषाध्यक्ष ने यह भी सूचित किया के एशियाटिक सोसायटी के पुराने विरासत भवन के नवीकरण के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ मिलकर पहल की गई है ।उन्होंने सूचित किया कि डॉक्टर जी माहेश्वरी, अधीक्षक पुरातत्वविद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, कोलकाता सर्किल, एशियाटिक सोसायटी के पदाधिकारियों के परामर्श से ऐसा करने के लिए सकारात्मक अनुक्रिया दी है। इस संबंध में प्रोफ़ेसर सुभाष रंजन चक्रवर्ती ने इस तथ्य की ओर संकेत किया कि एशियाटिक सोसायटी द्वारा जो भी नवीकरण कार्य किए जाएं, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सलाह और अनुमोदन से किए जाएं। परिषद ने इस तथ्य को नोट किया।

28 मार्च 2018 की बैठक

- परिषद ने एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता के उन कर्मचारियों के मामले में 13.12. 2015 की स्थिति के अनुसार छठे केंद्रीय वेतन आयोग के वेतनमान के अनुरूप वेतन नियतन में संशोधन के लिए जारी आदेश को अनुमोदित कर दिया, जिनके वेतन का निर्धारण प्रारंभ में गलत कर दिया गया था । छठे केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन निर्धारण संबंधी सभी विसंगतियों का समाधान 13.12. 2015 को देय एमएसीपी को ध्यान में रखते हुए कर दिया गया।

- परिषद ने एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता के उन सेवारत कर्मचारियों के संबंध में एमएसीपी के अंतर्गत वित्तीय अपग्रेडेशन दिए जाने को अनुमोदित कर दिया, जो मार्च 2018 तक पे रोल पर थे और जिनके संबंध में छठे केंद्रीय वेतन आयोग के वेतनमान में 13 मार्च, 2012 से 31.12. 2015 तक की अवधि के दौरान एमएससी देय हो गया था।

- परिषद ने एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता में सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतनमान को लागू करने के आदेश को अनुमोदित कर दिया । केंद्रीय वेतन आयोग के रिप्लेसमेंट स्केल का लाभ सोसायटी के कर्मचारियों को केंद्रीय सिविल सेवा(संशोधित वेतन) नियम, 2016 की अनुसूची के भाग-क में अंतर्विष्ट वेतन मैट्रिक्स के अनुसार संस्कृति मंत्रालय का अनुमोदन दिनांक 15. 3. 2018 के समझौता ज्ञापन पत्र संख्या फाइल संख्या 20-5 /2015 के द्वारा प्राप्त होने के पश्चात दिया गया ताकि मार्च 2018 के वेतन से और उसके आगे वेतन का भुगतान सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतनमान के अनुसार किया जा सके और सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के लागू होने पर 1 जनवरी, 2016 से 28 फरवरी, 2018 तक की अवधि के वेतन और भत्तों की बकाया राशि का संबंधित बजट शीर्ष के अंतर्गत निधि की उपलब्धता पर भुगतान किया जा सके।

परिषद ने एशियाटिक सोसायटी कोलकाता के उन सेवारत कर्मचारियों के संबंध में एम ए सी पी के अंतर्गत वित्तीय अपग्रेडेशन प्रदान करने को अनुमोदित कर दिया जो मार्च, 2018 में पेरोल पर हैं और जिनके मामले में सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतनमान में 1 जनवरी, 2016 से 1 मार्च, 2018 तक की अवधि के दौरान एम ए सी पी देय हो गया है ताकि मार्च, 2018 के वेतन को जारी करते समय एम ए सी पी के कारण उत्पन्न उन्नत वेतन को समाविष्ट किया जा सके ।

परिषद ने संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और सोसायटी के महासचिव तथा कोषाध्यक्ष के द्वारा किए गए उल्लेखनीय प्रयास की सराहना की।

इस अवधि में दिए गए प्रशासनिक सहयोग के लिए परिषद ने लंबे समय से लंबित मामलों के निपटान के लिए वित्त नियंत्रक और सोसायटी के प्रशासनिक अधिकारी तथा सोसायटी के सभी कर्मचारियों के सहयोग की भी सराहना की।

परिषद ने सैद्धांतिक रूप से प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया और एक समिति का गठन किया, जिसमें सदस्य के रूप में कोषाध्यक्ष, डॉ सुबीर कुमार दत्ता, वित्त नियंत्रक, प्रशासनिक अधिकारी और महासचिव द्वारा नामित सोसायटी के दो कर्मचारी शामिल होंगे ताकि एशियाटिक सोसायटी के कर्मचारियों को कैशलेस अंतरंग चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

इस प्रयोजन से तथा इस स्कीम के सुगम कार्यान्वयन के लिए सीजीएचएस के पैनल के अस्पताल से बातचीत करने के लिए परिषद ने मानक प्रचालन कार्यविधि (एसओपी) तैयार करने के लिए वित्त नियंत्रक तथा प्रशासन अधिकारी को प्राधिकृत किया।

9.

कार्यकलाप : प्रकाशन अनुभाग

अपनी स्थापना के 4 वर्ष के पश्चात ही सोसायटी ने *एशियाटिक रिसर्चेज* के प्रकाशन के साथ ही 1788 में अपना प्रकाशन प्रारंभ किया।सर विलियम जोन्स के शब्दों में "यह पुष्पित होगी यदि प्रकृतिवादी, रसायनशास्त्री, पुरातत्वविद, भाषाशास्त्री और वैज्ञानिक एशिया के विभिन्न भागों में अपने परीक्षणों को लिखित रूप दें और एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता को भेज दें। यह मृतप्राय होगी यदि ये सूचनाएं रुक-रुककर लंबे अंतराल से प्राप्त हों और यह समाप्त हो जाएगी यदि वे पूर्णतः रुक जाएं।" सोसायटी अपने विगत के वैभव और शैक्षणिक मानदंड को कायम रखने के लिए मौलिक और उल्लेखनीय पुस्तकें तथा लेख प्रकाशित करती रही है । सोसायटी देश में प्रथम प्रकाशन गृह होने की वजह से ज्ञान की दुनिया के लिए ख्यात है।

दो सांविधिक समितियाँ,यथा - प्रकाशन समिति एवं एशियाटिक सोसाइटी के जर्नल में प्रकाशन हेतु लेखों, संसूचनाओं, पुस्तक-समीक्षाओं की तथा विभिन्न शृंखलाओं अर्थात् बिब्लियोथेका इंडिका, मोनोग्राफ, संगोष्ठी एवं सार्वजनिक व्याख्यान, सूची एवं ग्रंथसूची कार्य आदि में प्रकाशन हेतु पांडलिपियों की संस्तुति करती हैं।

एशियाटिक सोसाइटी पुस्तकें, पत्रिकाएँ एवं कुछ पुस्तिकाएँ प्रकाशित करती है। समीक्षाधीन वर्ष में निधि की अनुपलब्धता के कारण प्रकाशन अनुभाग का कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है एवं इसके फलस्वरूप, इस वर्ष अर्थात् अप्रैल 2013 - मार्च 2014 में, केवल पुस्तक के आठ शीर्षक, हमारे जर्नल के एक संयुक्त अंक सहित तीन अंक, मासिक बुलेटिन के दस अंक एवं सात पुस्तिकाएँ प्रकाशित की गई हैं।

एशियाटिक सोसाइटी निधि की अनुपलब्धता के कारण नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला, 2014 एवं अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेला, 2014 के अतिरिक्त कोई भी पुस्तक मेले में भाग नहीं ले पाया एवं परिणामस्वरूप बिक्री प्राप्तियाँ भी प्रभावित हुई हैं। लेकिन प्रकाशन विभाग ने बिक्री प्राप्तियों को वर्द्धित करने के उद्देश्य से विभिन्न पत्रिकाओं में उनकी ई-मेल सुविधाओं का उपयोग करते हुए कुछ विज्ञापनों के प्रकाशन के माध्यम से, पुस्तक-विक्रेताओं, शैक्षिक संस्थाओं, पुस्तकालयों, आदि से संपर्क करने की पूरी कोशिश की थी (हमें नवंबर 2012 से निधि की अनुपलब्धता की वजह से विज्ञापन बंद करना पड़ा था)।

यह प्रभाग निधि की कमी करने के कारण अपने प्रकाशन कार्य के 225 साल की गरिमा को एक उचित तरीके से बनाए रखने में असफल रहा।

दो सांविधिक समितियां अर्थात प्रकाशन समिति और बिब्लियोथेका इंडिका समिति एशियाटिक सोसायटी के जर्नल में प्रकाशन के लिए लेख, संसूचना और पुस्तक समीक्षाओं तथा विभिन्न शृंखलाओं में अर्थात बिब्लियोथेका इंडिका, मोनोग्राफ, संगोष्ठी और अक्षय निधि व्याख्यान,सूची एवं ग्रंथसूची इत्यादि रूप में तथा विविध प्रकाशनों के अंतर्गत कुछ का प्रकाशन करती है।

एशियाटिक सोसायटी विभिन्न अवसरों पर जर्नल, मासिक बुलेटिन और कुछ पुस्तिकाएं प्रकाशित करने के अतिरिक्त उपर्युक्त शृंखलाओं में पुस्तकों का प्रकाशन करती है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकों के 14 शीर्षक, एशियाटिक सोसायटी के जर्नल के चार अंक, मासिक बुलेटिन के 10 अंक और पुस्तिकाओं सहित प्रकाशनों के चार अंक प्रकाशित किए गए हैं।

एशियाटिक सोसायटी ने दिल्ली पुस्तक मेला, 2017, अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेला, 2018 और नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला ,2018 में विक्रय संबंधी आय बढ़ाने के लिए सहभागिता की । सोसायटी ने 19 से 23 मार्च, 2018 तक की अवधि में पुस्तक बाजार का भी आयोजन किया । अपनी आधुनिक संचार सुविधाओं का प्रयोग करते हुए प्रकाशन अनुभाग ने पुस्तक विक्रेताओं, शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों इत्यादि से संपर्क करने के लिए भरपूर कोशिश की है। आधुनिक भुगतान प्रणाली की शुरुआत कर तथा सोशल मीडिया के माध्यम से अपने प्रकाशन को बढ़ावा देकर सहज वातावरण तैयार करने में सतत प्रयास किया गया है।

2017- 18 के दौरान प्रकाशन

- **पुस्तकें**

i. बंगाल नवाब्स, अंग्रेजी में अनुवाद : यदुनाथ सरकार [पुनर्मुद्रण]

ii.इंट्रोड्यूसिंग महायान बुद्धिज्म, संपादन : विश्वनाथ बनर्जी एवं सुकोमल चौधरी [पुनर्मुद्रण]

iii.लेट मीडिवल टैंपल्स ऑफ बंगाल ,लेखक : डेविड जे मैक कुचियन [पुनर्मुद्रण]

iv. मध्ययुगीन भारते संस्कृत साहित्य, लेखक : कालीकुमार दत्ता [पुनर्मुद्रण]

v.गौड़ीय नृत्य, लेखक : महुआ मुखर्जी [पुनर्मुद्रण]

vi.वीड़ोर : एकटि वनचारी आदिम आदिवासी , लेखक : विमलेंदु मजुमदार

vii.इनस्क्रिप्शन्स एंड एग्रेरियन इश्यूज इन इंडियन हिस्ट्री : एसेज इन मेमोरी ऑफ डी सी सरकार, संपादन : बी डी चट्टोपाध्याय, सुचंद्र घोष एवं विष्णुप्रिया बसाक।

viii.सबवर्सिव सॉवरिन्स एक्रॉस द सीज़ : इंडियन ओशन पोर्ट्स ऑफ़ ट्रेड फ्रॉम अर्ली हिस्टोरिक टाइम्स टू लेट कॉलोनियलिज्म, संपादन : केनेथ आर हॉल, रीला मुखर्जी एवं सुचंद्र घोष।

ix.रामचरितम, संपादन : एच पी शास्त्री, अंग्रेजी अनुवाद सहित पुनः संशोधित : आर बसाक [पुनर्मुद्रण]

X.किरात जनकृति, लेखक : सुनीति कुमार चटर्जी [पुनर्मुद्रण]

xi. चाइनीज़ सोर्सेज़ ऑफ साउथ एशियन हिस्ट्री इन ट्रांसलेशन ,खंड V : सोशियो-इकोनो-पॉलिटिकल रिलेशन्स बिटवीन साउथ इंडिया एंड चाइना,ए डी 502-1610 छ विथ एम्फेसिस ऑन द फ़िफ़्टीन्थ सेंचुरी, लेखक : हरप्रसाद राय।

xii. चाइनीज़ सोर्सेज़ ऑफ साउथ एशियन हिस्ट्री इन ट्रांसलेशन ,खंड VII : फ्रॉम नैशनलिज़्म टू फ़ॉरेन ऑक्यूपेशन द मंगोल इंटरल्यूड,लेखक: हरप्रसाद राय ।

xiii.चाइनीज़ सोर्सेज़ ऑफ साउथ एशियन हिस्ट्री इन ट्रांसलेशन ,खंड VI : फ्रॉम रिलिजन टू कामर्स: द मेरिटाइम रॉंदिवू बिटवीन इंडिया एंड चाइना, टैंथ टू थर्टीन्थ सेंचुरी ए डी, लेखक: हरप्रसाद राय ।

xiv. हिस्ट्री, साइन्स एंड द सोसाइटी इन दि इंडियन कंटेक्स्ट, संपादन : अरुण कुमार विश्वास [पुनर्मुद्रण]

- **पत्रिकाएँ**

एशियाटिक सोसाइटी का जर्नल

संख्या 1, 2017

संख्या 2, 2017

संख्या 3, 2017

संख्या 4, 2017

एशियाटिक सोसाइटी का मासिक बुलेटिन

खंड XLVI, संख्या 5, 2017 [मई, 2017]

खंड XLVI, संख्या 6, 2017 [जून, 2017]
खंड XLVI, संख्या 7, 2017 [जुलाई, 2017]
खंड XLVI,संख्या 8, 2017 [अगस्त, 2017]
खंड XLVI, संख्या 9, 2017[सितंबर,2017]
खंड XLVI, संख्या 10, 2017[दिसंबर,2017]
खंड XLVII , संख्या 1, 2018 [जनवरी, 2018]
संख्या 2, 2018 [फरवरी, 2018]
संख्या 3, 2018 [मार्च, 2018]
संख्या 4, 2018 [अप्रैल, 2018]

- **पुस्तिकाएँ**

क) *अध्यक्षीय भाषण, वर्ष 2016-2017*
ख) महासचिव का भाषण, 2016-17
ग *वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2016-2017*
घ) उपलब्ध प्रकाशनों की सूची, जुलाई 2017

10.

कार्यकलाप : पुस्तकालय अनुभाग

पुस्तकालय

एशियाटिक सोसाइटी का पुस्तकालय अपने दो सौ चौदह वर्षों के लंबे गौरवमय इतिहास के साथ सोसाइटी का अत्यधिक महत्वपूर्ण भाग है। प्राच्य अध्ययन हेतु पांडुलिपियाँ एवं कलाकृतियों के अतिरिक्त ग्रंथों तथा पत्रिकाओं के विशाल संग्रह से समृद्ध यह पुस्तकालय ज्ञानी विद्वानों को आकर्षित करता है। इसका महत्व संख्यात्मक दृष्टि से नहीं बल्कि इसकी समृद्ध व अद्वितीय विषय-वस्तु में विद्यमान है।

यहाँ विभिन्न यूरोपीय, चीनी-तिब्बती, रूसी, दक्षिण एशियाई, फारसी, उर्दू, अरबी, पाली, प्राकृत, बंगला, संस्कृत व अन्य भारतीय भाषाओं में लगभग 1,31,000 पुस्तकें और जर्नलों के 1,09,000 आबद्ध खंड मौजूद हैं।

उक्त सोसाइटी भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले भिन्न-भिन्न विधाओं के अध्ययनों के शोध विद्वानों के लिए ग्रंथपरक एवं प्रलेखीय सेवाएँ प्रदान करती है। पुस्तकों, आवधिक पत्रिकाओं, माइक्रोफिश, माइक्रोफिल्म से सुसज्जित इसका पठन कक्ष पाठकों के लिए सोमवार से शुक्रवार सुबह 9: 45 बजे से शाम 7.00 बजे तक एवं शनिवार को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक खुला रहता है।

पुस्तकालय के क्रियाकलाप परिषद द्वारा स्थापित पुस्तकालय समिति द्वारा नियोजित एवं अनुवीक्षित किए जाते हैं। विचाराधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय समिति ने 11 अवसरों पर बैठकें कीं तथा अनुमोदन हेतु परिषद के समक्ष अपनी संस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं।

- **समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्यकलाप**
- पुस्तकालय पाठकों के लिए 293 दिनों के लिए खुला था तथा 9448 पाठकों को सेवा प्रदान की गई।

विभिन्न भाषाओं और विषयों की 1115 पुस्तकों का परिग्रहण किया गया है और 1585 पुस्तकें प्रक्रमित की गई हैं।

	परिगृहीत पुस्तकें	प्रक्रमित पुस्तकें
अंग्रेजी एवं अन्य भाषाएं	495	878
संस्कृत	37	138
बंगाली	72	175
फारसी, अरबी और उर्दू	101	101
हिंदी	-	26
पाली एवं अन्य	-	58
उपहार	410	209

- पुस्तकालय ने जर्नलों के 78 शीर्षकों की सदस्यता ली और जर्नलों के 529 अंक प्राप्त किए। विनिमय के आधार पर पुस्तकालय को जर्नलों के 288 अंक प्राप्त हुए और समीक्षाधीन अवधि के दौरान उपहार के रूप में जर्नलों के 68 अंक प्राप्त हुए।

- 9448 पाठकों ने पुस्तकालय का इस्तेमाल किया। 6389 पुस्तकें पाठकों को जारी की गई और 3600 पुस्तकें उनके द्वारा वापस की गईं।

- भारत और विदेश के विभिन्न भागों से 925आगंतुक और लब्धप्रतिष्ठित व्यक्ति समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुस्तकालय आए। इस अवधि के दौरान 195 विदेशियों ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया।

- समीक्षाधीन अवधि के दौरान 24 विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी अपने अध्यापकों सहित पुस्तकालय आए।

पुस्तकालय में विभिन्न संस्थानों का आगमन :

- 20.4. 2017 बांग्लादेश राष्ट्रीय अभिलेखागार से 2 सदस्यीय टीम।

- 23.05. 2017 रायगंज विश्वविद्यालय से अध्यापक सहित 26 विद्यार्थियों का दल।

- 6.6. 2017 डॉ अरुणा विश्वास, अपर सचिव, माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा मंत्रालय ,बांग्लादेश सरकार की अध्यक्षता मेंअंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा संस्थान ,बांग्लादेश सरकार के साथ सहयोग के प्रोटोकॉल के आरंभ के लिए विदेश अध्ययन दौरा और साध्यताअध्ययन संबंधी दल।

- 4.7. 2017 इस्तवान विवोग्रामर स्कूल हेवित्स, हंगरी से ज्यूडिट बालाज़ ।

- 4.7. 2017 बांग्लादेश राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रलेखन केंद्र ,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, बांग्लादेश से एक दल।

- 25.07. 2017 आंचलिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन प्रशिक्षण संस्थान, पूर्वी अंचल से प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों का दल।
- 25.8 2017 महेश श्री रामकृष्ण आश्रम ,हुगली से 56 सदस्यीय दल।
- 9. 10. 2017 महामहिम डॉ कसावा बालोग्, लोक प्रशासन विदेश एवं व्यापार राज्यमंत्री, हंगरी के साथ हंगरी का प्रतिनिधिमंडल।
- 11. 10 .2017 हंगरी से 17 सदस्यीय दल।
- 17.10.2017 रेडबाउंड यूनिवर्सिटी ,नीदरलैंड्स से 10 सदस्यीय दल।
- 1 .11 .2017 नालंदा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, कोलकाता से 8 सदस्यीय दल।
- 24. 11. 2017 कलकत्ता यूनिवर्सिटी के भाषाविज्ञान विभाग से20 विद्यार्थियों का दल।
- 26 .12. 2017 गवर्मेंट ऑफ आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, केरल से 6 सदस्यीय दल।
- 6.3. 2018 एपीजे अबुल कलाम आजाद संस्थान से 8 सदस्यीय विद्यार्थियों का दल।
- 15.03.2018 लोरेटो डे स्कूल से 39 विद्यार्थी और उनके अध्यापक का दल।
- 21.3. 2018 विश्वभारती विश्वविद्यालय से 9 विद्यार्थियों का दल।
- 23.3 .2018 वीमेन्स क्रिश्चियन कॉलेज से 24 विद्यार्थियों और अध्यापकों का दल पुस्तकालय के विभिन्न भागों में आया।

प्रदर्शनी तथा पुस्तकों और जर्नलों का प्रदर्शन :

संगोष्ठी और लब्धप्रतिष्ठित व्यक्तियों के आगमन के अवसर पर एशियाटिक सोसायटी के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है ।इन प्रदर्शनियों में पुस्तकालय दुर्लभ पुस्तकों ,जर्नलों, फोटोग्राफ़ों, लेखों इत्यादि का प्रदर्शन करता है, जिसके द्वारा पुस्तकालय के समृद्ध और विविध संसाधनों को महत्व दिया जाता है ।समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकों और जर्नलों के निम्नलिखित प्रदर्शनियों और प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिनकी अध्येता और मीडिया द्वारा अत्यधिक प्रशंसा की गई।

- 2.5 .2017 से 15 .05.2017 तक विगत काल एवं वर्तमान काल : एशियाटिक सोसायटी के ख़जाने।

- 21.6 .2017 योग दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी, पुस्तकालय के संग्रह से योग संबंधी पुस्तकों का प्रदर्शन।
- 23.8 .2017 से 24.8. 2017 तक नवद्वीप में संस्कृत अध्ययन से संबंधित दो दिवसीय संगोष्ठी के संबंध में वैष्णव धर्म पर पुस्तकों के प्रदर्शन की व्यवस्था की गई।
- 9 .10 .2017 लोक प्रशासन, विदेश एवं व्यापार राज्यमंत्री ,महामहिम डॉ कसाबा बालोग द्वारा एलेग्जेंडर कज़ोमा दे कोरोस के जीर्णोद्धार किए गए स्मारक कक्ष के उद्घाटन के अवसर पर एलेग्जेंडर कज़ोमा दे कोरोस संबंधी पुस्तकों और उनके द्वारा लिखित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया।
- 20 .11 .2017 प्रथम डॉ राजेंद्र लाल मित्र स्मारक व्याख्यान के अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा पहला व्याख्यान दिया गया और डॉ राजेंद्रलाल मित्र द्वारा और उनपर लिखी गई पुस्तकों और लेखों का प्रदर्शन 20-11-2017 को किया गया।
- 6 .3. 2018 अंतर धार्मिक सद्भावना और बंगला के रूमी सय्यद अहमद -उल हक पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर रूमी और सूफीवाद से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया।
- 8.3. 2018 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए महिलाओं से संबंधित पुरानी ,दुर्लभ और नई पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया।

डिजिटीकरण :

सोसायटी अपने समृद्ध संग्रह से संबंधित डिजिटीकरण कार्यक्रम में तेजी लाने की योजना बना रही है ।सोसायटी अपनी दुर्लभ पुस्तकों ,जर्नलों इत्यादि के 1000000 पृष्ठों के डिजिटीकरण की योजना तैयार कर रही है । डाटा को सोसायटी के डिजिटल आर्काइव में अपलोड कर दिया जाएगा ।

आंतरिक डिजिटीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकों /पांडुलिपियों के 400 शीर्षकों को स्कैन किया गया है और माइक्रोफ़िश के 1530 खंडों की सूची बनाई गई है और डिजिटीकरण के लिए भेजा गया है।

पुस्तकों /जर्नलों /पांडुलिपियों के आंतरिक डिजिटीकरण के अतिरिक्त एशियाटिक सोसायटी , कोलकाता के जर्नलों और पुस्तकों को डिजिटीकृत और अभिलेखीकृत करने का कार्य दिसंबर 2016 में आरंभ किया गया है ।इस परियोजना के अंतर्गत एशियाटिक अनुसंधान(1788 -1842),एशियाटिक सोसायटी के जर्नल (1832- 2016),एशियाटिक सोसायटी के जर्नल और कार्यवाही (1904-19 34),एशियाटिक सोसायटी के संस्मरण, बिब्लियोथेका इंडिका शृंखला की पुस्तकें स्कैन की गई हैं। काम चल रहा है।

वेब ओपीएसी : नए वेबसाइट के आरंभ होने और लिब्सिस सॉफ्टवेयर के अपग्रेडेशन से वेब ओपीएसी सक्रिय हो गया है। वेब ओपीएसी का मुख्य लाभ यह है कि पूरी दुनिया के किसी भी कोने से कोई भी व्यक्ति किसी भी समय इस बात का पता लगा पाएगा कि एशियाटिक सोसायटी के पुस्तकालय में कौन से प्रलेख उपलब्ध हैं, बशर्ते कि वह प्रलेख के लेखक, शीर्षक और विषय के शीर्ष के अंतर्गत सर्च करे।

पुस्तकालय स्वचालन : पुस्तकालय स्वचालन के अंग के रूप में पुस्तकालय सूचना विज्ञान विभाग ,कोलकाता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पुस्तकों का वर्क शीट तैयार करने, पूर्ण सूची के लिए लिब्सिस पैकेज में डेटा प्रविष्टि करने और डेटाबेस तैयार करने के कार्य से नवंबर 2016 से जोड़ा गया है। विद्यार्थियों द्वारा मेटकॉ◌ॅफ़ हॉल की पुस्तकों के 15181 खंडों ,जर्नलों के 2765खंडों की प्रविष्टि लिब्सिस में कर दी गई है ।समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय के स्टाफ द्वारा पुस्तकों के 1183 खंडों के डाटा की प्रविष्टि की गई है।

सहयोगी कार्यक्रम : एशियाटिक सोसायटी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के साथ मिलकर 28 अगस्त से 30 सितंबर 2017 के दौरान भोपाल में सरकारी कार्यक्रम का आयोजन किया ।यह इतिहास पर एक प्रदर्शनी थी और एशियाटिक सोसायटी का मानव ज्ञान के क्षेत्र में इसकी स्थापना से लेकर अब तक का योगदान था। प्रदर्शनी में पुरालेखी फोटोग्राफ,डिजिटीकृत पांडुलिपियाँ और पेंटिंग, पत्र, प्रलेख ,पुस्तकें और जर्नल शामिल थे। देश के अधिकांश आगंतुकों द्वारा इसकी अत्यधिक सराहना की गई।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्रतिष्ठित आगंतुक :

- माननीय श्री प्रणव मुखर्जी, भारत के पूर्व राष्ट्रपति।
- महामहिम डॉ कसावा बोलागू, लोक प्रशासन राज्य मंत्री, हंगरी।
- के कस्तूरीरंगन ,अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, रमन अनुसंधान संस्थान, बैंगलुरु।
- प्रोफेसर इरफान हबीब ,प्रतिष्ठित इतिहासकार।

- डॉक्टर योगानंद शास्त्री ,पूर्व अध्यक्ष ,दिल्ली विधानसभा।
- श्री पार्थ चटर्जी ,शिक्षा मंत्री ,पश्चिम बंगाल सरकार।
- माननीय न्यायाधीश, निशिता म्हात्रे, कोलकाता उच्च न्यायालय के तत्कालीन कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश।
- प्रोफेसर अजय कुमार रॉय, निदेशक, भारतीय अभियांत्रिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान।
- पंडित श्रीकुमार चट्टोपाध्याय।

मेटकॉफ़ हॉल:

यह सोसाइटी का निख़ात निधि है, जहां पुरानी दुर्लभ जर्नलों , पुस्तकों और लेखों का भंडार है ।विभिन्न विदेशी भाषाओं और भारतीय जर्नल के 100000 से भी अधिक जिल्दबंद जर्नल त्रिस्तरीय स्टैक में शेल्फ में रखे गए हैं। इस वर्ष के दौरान सोसायटी के मेटकॉफ़ हॉल को अधिक आकर्षक बनाने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है ।इस कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक वाचनालय का निर्माण, डिजिटल कियोस्क की स्थापना, ओपीएसी सेवा पाठकों को उपलब्ध कराना तथा एक लाख से अधिक दुर्लभ जर्नलों के संग्रह का डिजिटीकरण शामिल है।

संग्रहालय

एशियाटिक सोसायटी का संग्रहालय विभिन्न भाषाओं और लिपियों का बहुमूल्य एवं बेजोड़ संग्रहहै। एशियाटिक सोसायटी द्वारा वर्णनात्मक और सारणीबद्ध रूप में प्रकाशित सूचियां, पांडुलिपियों के अध्ययन और अनुसंधान के उल्लेखनीय कार्य हैं। सोसाइटी की पांडुलिपियाँ विविधता लिए हुए और समृद्ध हैं, जिसमें अधिकांश भारतीय भाषाएं और लिपियां शामिल हैं। इस समय सोसायटी के संग्रह में 50,000 से अधिक पांडुलिपियाँ हैं। सोसायटी के संग्रहालय में सबसे पुरानी पांडुलिपि 7 वीं सदी की पांडुलिपि है जो गुप्त ब्राम्ही लिपि में लिखी गई है। एशियाटिक सोसायटी के संग्रहालय में बंगाली पांडुलिपियाँ संख्या और दुर्लभता की दृष्टि से समृद्ध हैं। संग्रहालय में राजस्थानी पांडुलिपियाँ भी हैं, जो पूर्व मध्य और मध्य युग की आसामी पांडुलिपियों जितनी पुरानी हैं। संग्रहालय में रामायण ,महाभारत, श्रीमद्भागवत ,मंगलकाव्य, वैष्णव धर्म तथा इससे संबंधित अन्य विषयों पर आलेख हैं। संग्रहालय में अरबी -फारसी पांडुलिपियों का भी भंडार है।

संग्रहालय में पांडुलिपियों के अतिरिक्त पुरानी विविध धात्विक मुद्राएं,ताम्रपट्टिकाओं पर उत्कीर्ण लेख ,अत्यधिक समृद्ध एवं मूल्यवान तैलचित्र एवं चित्र हैं।इनमें से अधिकांश चित्र रॉबर्ट होम, जोशुआ रेनॉल्ड्स ,गीडो, डेनियल इत्यादि द्वारा बनाए गए थे ।संग्रहालय में प्रसिद्ध पेंटिंग क्लियोपेट्रा, बनारस के 1 घाट, मेघ पर सोते हुए कामदेव ,वारेन हेस्टिंग्स, जॉन डेविट, वेलेजली और शिशु ईसा की है।

एशियाटिक सोसायटी के संग्रहालय में मूर्तियां और धातु की वस्तुएं हैं जो ऐतिहासिक महत्व और संख्या की दृष्टि से अनमोल हैं। ब्रह्मा (सामग्री - काला बसाल्ट पत्थर, अवधि 12वीं सीएडी), विष्णु (सामग्री- काला बसाल्ट पत्थर, अवधि 11वीं सीएडी),धर्मराज की ब्रास प्रतिमा (वर्तमान में यह प्रतिमा भूटान में है),1864 का ब्रास ,250 ईसा पूर्व का अशोक काल का पत्थर पर उत्कीर्ण किया हुआ धर्मादेश मूल्यवान संग्रह हैं।

संग्रहालय में 18वीं और 19वीं सदी में ब्रिटिश सर्वेक्षक द्वारा तैयार किए गए सर्वेक्षण मानचित्र बहुत बड़ी संख्या में हैं। कुछ उल्लेखनीय मानचित्र भारत की सामाजिक -राजनीतिक- आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में बदलाव को प्रतिबिंबित करते हैं।

संग्रहालय में प्रतिष्ठित व्यक्तियों के पुराने पत्र, दुर्लभ पुस्तकें और शिलालेख भी हैं, जिनमें से कुछ सोसायटी की स्थापना के ठीक पश्चात 1784 इसवी के हैं ।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान संक्षिप्त कार्यकलाप :

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्यकलाप :

- पांडुलिपियों को सूचीबद्ध करने का कार्य चल रहा है । स्मृति से संबंधित 406 संस्कृत पांडुलिपियों को विवरणात्मक रूप में सूचीबद्ध करने का कार्य अच्छी तरह से किया गया है । पांडुलिपि के13660 फ़ोलियो और हाथ से 524 सूचियां भी तैयार की गई हैं। प्रोफेसर सुबुद्धि चरण गोस्वामी के पर्यवेक्षण में दर्शनशास्त्र संबंधी सारणीबद्ध सूची तैयार करने का कार्य चल रहा है।

- सोसायटी के विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित 658 पत्रों और 784 पृष्ठों की 24 अंग्रेजी की फाइलों की विषय -वस्तु को प्रलेखित कर दिया गया है।

- 20.4 .2017 को भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी का इतिहास विषय पर इतिहास की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई।

- पोलैंड से सरकारी प्रतिनिधिमंडल के आगमन के अवसर पर 18 .11. 2017 को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- समीक्षाधीन अवधि के दौरान 246 पाठकों को सेवा उपलब्ध कराई गई ।भारत और विदेशी मूल के अध्येताओं ने एशियाटिक सोसाइटी के वाचनालय में 992 पांडुलिपियों और अन्य प्रलेखों को कंसल्ट किया।

- विभिन्न देशों के 61 विदेशी आगंतुकों और 135 भारतीयों ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान संग्रहालय का निरीक्षण किया।

- राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत एशियाटिक सोसायटी ,कोलकाता का पांडुलिपि संसाधन केंद्र पांडुलिपियों के लिए राष्ट्रीय संसाधन आधार तैयार करने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है।

- आगंतुकों तथा प्रतिष्ठित व्यक्तियों के लिए संग्रहालय अनुभाग द्वारा फ़ोटो एल्बम और उपहार की वस्तुओं के सेट तैयार किए गए हैं।

परिरक्षण

एशियाटिक सोसाइटी की परीक्षण प्रयोगशाला 1984 से विशेष सावधानी और लगन के साथ दुर्लभ पुस्तकों, पांडुलिपियों,प्लेटों, मानचित्रों इत्यादि को परिरक्षित और रिस्टोर कर रही है। प्रभाग के कार्य अत्यधिक तकनीकी प्रकृति के हैं और कार्य सही ढंग से किया जा रहा है ताकि किसी तरह की क्षति न पहुंचे। इस प्रभाग के कुशल और पेशेवर तरीके से प्रशिक्षित स्टाफ मध्ययुगीन पांडुलिपियों और पुरानी एवं दुर्लभ पुस्तकों सहित जिल्दबंद सामग्री के का उपचार करने में सक्षम हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान संक्षिप्त कार्यकलाप :

परिरक्षण की दृष्टि से प्रत्यक्षतः सत्यापित पुस्तकों एवं पांडुलिपियों की संख्या	2460
कीटप्रभावित पुस्तकें एवं पांडुलिपियाँ जिनका धूमन किया गया	1710
पुस्तकालय, संग्रहालय तथा उर्दू अनुभाग के स्टैक में पिप कीटनाशक पदार्थ का छिड़काव कर किया गया उपचार प्रत्येक अनुभाग में 12 बार	
फफूँदरोधी घोल से उपचारित फफूँदप्रभावित खंडों की संख्या	6711
पटलन (लैमिनेशन) से पूर्व विपटलित (पैचयुक्त) शीटों की संख्या	1367
उपचार से पूर्व पृष्ठांकित शीटों की संख्या	18150
लैमिनेशन से पूर्व विअम्लीकृत भंगुर एवं नाजुक शीटों की संख्या	17813
समाक्रमित भंगुर एवं नाजुक शीटों की संख्या	17813
जीर्णोद्धार के लिए सावधानी से पृथक किए गए पांडुलिपियों एवं दुर्लभ पुस्तकों के कीटप्रभावित एवं जकड़े हुए शीटों की संख्या	1450
लैमिनेशन से पूर्व ठीक किए गए फटे हुए शीटों की संख्या	2565
रेस्टोर किए गए भंगुर एवं नाजुक मानचित्रों की संख्या	25
रेस्टोर की गई भंगुर एवं नाजुक प्लेटों(पुस्तकों के भीतर) की संख्या	30
उपचार के लिए परीक्षित कागजी पांडुलिपियों के भंगुर एवं नाजुक शीटों की संख्या	3161
रेस्टोर की गई कागजी पांडुलिपियों के भंगुर एवं नाजुक शीटों की संख्या	17468
आयातित टिशू कागज(यू.के.मूल), एम सी पेस्ट तथा सेलुलोज एसिटेट फ़ॉयल का प्रयोग कर लैमिनेट किए गए नाजुक शीटों की संख्या	17468
मरम्मत एवं लैमिनेशन के पश्चात ट्रिम किए गए शीटों की संख्या	20033
विभागीय रूप से जिल्दबंद खंडों की संख्या	467
बाहरी जिल्दसाजों द्वारा जिल्दबंद जाँचे गए नए बद्ध खंडों की संख्या	2183
लैमिनेशन के पश्चात तैयार संग्रह	550

रिप्रोग्राफी

रिप्रोग्राफी ,फोटोग्राफी अथवा ज़ीरोग्राफी जैसे यांत्रिक अथवा इलेक्ट्रिकल माध्यम से ग्राफिक का पुनः उत्पादन है ।एशियाटिक सोसाइटी के रिप्रोग्राफी अनुभाग को ज़ेरॉक्स, डिजिटीकरण तथा सामान्य फोटोग्राफी का कार्य सौंपा गया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान संक्षिप्त कार्यकलाप :

1) **ज़ेरॉक्स** : समीक्षाधीन अवधि के दौरान पाठक सेवा के अंतर्गत इस अनुभाग में पुस्तकालय की सामग्रियों की 22431 फोटो प्रतियां तैयार की गईं और सरकारी प्रयोजन से 241406 फोटो प्रतियां तैयार की गईं।

2) **डिजिटीकरण** : अनुभाग को सोसाइटी की पुरानी और दुर्लभ पांडुलिपि और पुस्तकों के डिजिटीकरण की योजना सौंपी गई थी ताकि इन मूल्यवान संग्रहों को प्रयोक्ताओं द्वारा बार-बार इस्तेमाल किए जाने से बचाया जा सके ।बाद में आधुनिक प्रौद्योगिकी से इस परियोजना को सुसज्जित कर दिया गया ।डिजिटीकरण कार्य बुके 2 स्केनर तथा नए संस्थापित बुके 4स्केनर की सहायता से किया जाता है।

डिजिटल कैमरा : समीक्षाधीन अवधि के दौरान इस अनुभाग में डिजिटीकरण के माध्यम से 3964 उद्भासन (एक्स्पोज़र) तैयार किए गए, जिसके अंतर्गत 109 पांडुलिपियों के 3964 फ़ोलियो तैयार किए गए।

3)**सामान्य फोटोग्राफी** : इस अनुभाग को सोसायटी द्वारा आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों, व्याख्यानों, कार्यशालाओं इत्यादि तथा सोसायटी में आने वाले महत्वपूर्ण व्यक्तियों का डिजिटल कैमरा से फोटो लेने का कार्य सौंपा गया है ।इन फोटोग्राफ़ों को नियमित रूप से सोसाइटी के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित किया जाता है। इस अनुभाग में अध्येताओं की मांग के अनुसार पुस्तकों का भी फोटो लिया जाता है ।समीक्षाधीन अवधि के दौरान सरकारी प्रयोजन से 2467 फोटो और पाठक सेवा की दृष्टि से 234 फोटो लिए गए।

आगंतुक पंजी से उद्धरण

- असाधारण व्यक्तित्व की असाधारण प्रदर्शनी ।उत्कृष्ट श्रद्धांजलि।

-- प्रोफ़ेसर के कस्तूरीरंगन, पद्म विभूषण ,अध्यक्ष ,राष्ट्रीय शिक्षा नीति, रमन अनुसंधान संस्थान ,बैंगलुरु।

- कज़ोमा दे कोरोस का उदाहरण हमें यह याद दिलाता है कि कठोरतम परिस्थिति में भी सदा एक ऐसा मार्ग प्राप्त होता है जो हमें एक दूसरे से जोड़ता है।

-- डॉक्टर कसावा बोलागू, लोक प्रशासन,विदेश एवं व्यापार राज्य मंत्री, हंगरी।

- दुर्लभ और प्राचीन पुस्तकों का उत्कृष्ट, सुव्यवस्थित एवं अद्भुत संग्रह ।ये ऐतिहासिक प्रलेख अद्भुत हैं और दूसरों को प्रेरित करते हैं ।मुझे उम्मीद है कि एशियाटिक सोसायटी समग्र विश्व के अनुसंधानकर्ताओं के अनुसंधान -कार्यों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सूचना उपलब्ध कराकर समृद्ध करेगी।

-- जेसमीन अख्तर, महानिदेशक ,बांग्लादेश राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रलेखन केंद्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ,बांग्लादेश।

- आश्चर्यजनक व्यक्ति को याद करने की आश्चर्यजनक पहल, जिसे इतिहास में याद रखा जाएगा ।

--प्रोफेसर सरित कुमार चौधरी, निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल।

- यह विश्व के महानतम ख़जानों में से एक है ।उदार अन्वेषण के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

-- होलेलीना हुगुशिवा ,मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी ।

11.

कार्यकलाप : शैक्षणिक अनुभाग

अनुसंधानों, सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, अक्षय निधि/ स्मारक व्याख्यानों, विशिष्ट व्याख्यानों एवं प्रदर्शनियों सहित शैक्षिक गतिविधियाँ एशियाटिक सोसाइटी की सबसे महत्वपूर्ण एवं अग्रवर्ती गतिविधियों में से एक हैं। समीक्षाधीन वर्ष 2017-18 के दौरान शैक्षणिक **अनुभाग** द्वारा आयोजित ऐसी गतिविधियों का एक संक्षिप्त विहंगावलोकन निम्नानुसार है:

1. जारी 'आंतरिक' अनुसंधान परियोजनाएँ: 18
2. अनुसंधान अध्येता: 24
3. जारी 'बाह्य' अनुसंधान परियोजनाएँ: 22
4. अनुसंधान सहायक: 08
5. आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन: 03
6. आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ: 21
7. आयोजित कार्यशालाएँ: 04
8. अक्षय निधि / स्मारक व्याख्यान: 11
9. विशिष्ट व्याख्यान: 14
10. व्याख्यान : 05
11. स्थापना दिवस व्याख्यान: 01

इन अनुसंधान एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का विवरण निम्नवत है:

क. आंतरिक अनुसंधान परियोजनाएँ:

निम्नलिखित अनुसंधान अध्येता विभिन्न आंतरिक परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं :-

I. **परियोजना: एशियाटिक सोसाइटी का इतिहास**
अनुसंधान अध्येता का नाम: मउमिता हुसैन
परियोजना पर्यवेक्षक: डॉ. रंजीत सेन
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 09.04.2015
विषय: 'एशियाटिक सोसाइटी के इतिहास (1842-1947) की कार्यवाही'

2. **परियोजना: एशियाटिक सोसाइटी का इतिहास**

अनुसंधान अध्येता का नाम: पौलामी राय
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर रंजीत सेन
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 16.04.2015
विषय: 'एशियाटिक सोसाइटी के इतिहास (1842-1947) की कार्यवाही'

3. **परियोजना: महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री अनुसंधान अध्येतावृत्त**

अनुसंधान अध्येता का नाम: सुलग्ना भट्टाचार्य
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर प्रताप बंद्योपाध्याय
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 20.04.2015
विषय: 'अद्वयवज्रसंग्रह का समीक्षात्मक अध्ययन'

4. **परियोजना: जेम्स प्रिन्सेप पुरालेखविद्या एवं मुद्राशास्त्र अध्येतावृत्ति**

अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती मीनाक्षी बनर्जी
परियोजना पर्यवेक्षक:: प्रोफेसर देवार्चना सरकार
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 24.04.2015
विषय: 'चयनित भंजा उत्कीर्ण लेखों का समीक्षात्मक अध्ययन (लगभग 5वीं शताब्दी ईसवी से 12 वीं शताब्दी ईसवी तक)'

5. **परियोजना: प्राच्य अध्ययन**

अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती अंकिता चक्रवर्ती
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर विजया गोस्वामी
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 13.04.2015
विषय: 'भारतीय उपचारात्मक परंपरा के परिवर्तन पर समाज एवं संस्कृति का प्रभाव: शल्य-चिकित्सा पर पांडुलिपि के बदलते पठन के माध्यम से अन्वेषण'

6. **परियोजना : शरत चंद्र रॉय अनुसंधान अध्येतावृत्ति**

अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती अमृता दास गुप्ता
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर रंजना राय
कार्य प्रारंभ करने की तिथि:: 22.04.2015
विषय: 'पश्चिम बंगाल के शहरी क्षेत्रों में निवास कर रहे प्रवासी जनजातीय समूहों का अध्ययन: सांस्कृतिक विरासत का मूल्यांकन'

□

7. **परियोजना: भाषा एवं भाषाशास्त्र**
अनुसंधान अध्येता का नाम: तान्या अफ़रोज़
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर श्यामसुंदर भट्टाचार्य
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 20.04.2015
विषय: आधुनिक बांगला नाटकेर संलाप ओ तार भाषा शैली (तृप्ति मित्रा)

8. **परियोजना: भाषा एवं भाषाशास्त्र**
अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती सुनंदा मुखर्जी
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर श्याम सुंदर भट्टाचार्य
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 24.04.2015
विषय: 'बंगला लिपि का उद्‌गम एवं विकास'

9. **परियोजना: मौलाना अबुल कलाम आज़ाद अरबी -फारसी अध्ययन अनुसंधान अध्येतावृत्ति**
अनुसंधान अध्येता का नाम: मुहम्मद बाकीबिल्लाह
परियोजना पर्यवेक्षक: डॉ. मो. इशरत अली मुल्ला
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 17.04.2015
विषय: अरबी में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का योगदान : समीक्षात्मक अध्ययन'।

10. **परियोजना: रंगकला एवं दृश्य कलाएँ**
अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती द्युति सरकार भट्टाचार्य
परियोजना पर्यवेक्षक: डॉ. देबाशीष मंडल
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 01.03.2017
विषय: '19वीं एवं 20 वीं शताब्दी में रवींद्र संगीत को लोकप्रिय बनाना एवं उससे परिचित कराना'

11. **परियोजना: राजेंद्र लाल मित्रा बौद्ध अध्ययन अध्येतावृत्ति**
अनुसंधान अध्येता का नाम: श्री प्रियांकू चक्रवर्त
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर ऐश्वर्या विश्वास
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 27.02.2017
विषय: 'त्रिपुरा में बौद्धधर्म: पुरालेख, मूर्तिकला एवं वास्तुकला (लगभग 6ठीं से 12 वीं सदी) का निर्वचन ।'

12. **परियोजना: सर विलियम जोन्स संस्कृत अध्ययन अनुसंधान अध्येतावृत्ति**
अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती तिस्ता बिश्वास
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर सुबुद्धिचरण गोस्वामी
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 13.02.2017
विषय: 'स्कंद पुराण में यथा-प्रदर्शित वैदिक संस्कृति के कुछ तत्व'

13. **परियोजना: चिकित्सा का इतिह**
अनुसंधान अध्येता का नाम: अपलक दास
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर महुआ सरकार
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 16.02.2017
विषय: 'औपनिवेशिक बंगाल में कुष्ठ रोग : 1873-1955'

14. **परियोजना: चिकित्सा का इतिहास**
अनुसंधान अध्येता का नाम: सुमन हाज़रा
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर गोपाल कृष्ण चक्रवर्ती
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 10.02.2017
विषय: 'कोलकाता में टीकाकरण एवं बच्चों का स्वास्थ्य: औपनिवेशिक से वर्तमान युग तक'

15. **परियोजना: विज्ञान का इतिहास**
अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती सुजाता बनर्जी
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर अरुण बंद्योपाध्याय एवं प्रोफेसर राजकुमार रायचौधरी
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 21.02.2017
विषय: 'भारत में विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा: भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलौर एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर (1990-1964) का अध्ययन।'

16. **परियोजना: विज्ञान का इतिहा**
अनुसंधान अध्येता का नाम: सुनयना माइती
परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर अरुण बंद्योपाध्याय एवं प्रोफेसर राजकुमार राय चौधरी
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 01.03.2017

विषय: 'लगभग 1920 के दशक से 1960 के दशक तक भारत में वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय शिक्षा तथा औद्योगिक अनुसंधान का इंटरफ़ेस: केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान तथा साहा नाभकीय भौतिकी संस्थान के केस का अध्ययन'।

17. **परियोजना: भारत-विद्या**

अनुसंधान अध्येता का नाम: डॉ. प्रज्ञापरमीता विश्वास

परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर डॉ. रत्ना बासु

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 20.03.2017

विषय: 'फ्रीडरिश मैक्सम्यूलर के भारत-विद्या पर पुनः विचार: संक्रांति काल का मूल्यांकन करने के लिए एक साकल्यवादी दृष्टिकोण'

18. **परियोजना: भारत-विद्या**

अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती स्मिता हलदर

परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर सुष्मिता बासु मजुमदार

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 15.02.2017

विषय: 'मालवा कॉरिडोर की खोज: शहरों एवं व्यापार मार्गों से परे देखना [लगभग तीसरी सदी बीसीई से तीसरी सदी सीई तक]

19. **परियोजना: पूर्वोत्तर भारत अध्ययन**

अनुसंधान अध्येता का नाम: सुश्री मेरी वनललथनपुई

परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर पौला बनर्जी,

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: दिनांक: 07.03.2017

विषय: 'महिला एवं गिरजाघर राजनीति, मिजोरम के प्रेसबिटेरियन गिरजाघर एवं मिजोरम के 'बैपटिस्ट चर्च का अध्ययन

20. **परियोजना: पूर्वोत्तर भारत अनुसंधान अध्ययन**

अनुसंधान अध्येता का नाम: श्रीमती मानसी दिलीप नडकर्णी

परियोजना पर्यवेक्षक: श्री श्याम सुंदर भट्टाचार्य

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 31.03.2017

विषय: '(सिम्ते के विशेष संदर्भ के साथ) मणिपुर के कूकी-चिन लोगों का सामाजिक-भाषायी प्रोफ़ाइल'।

21. **परियोजना: दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्वी एशियाई अध्ययन**

अनुसंधान अध्येता का नाम: डॉ. कुमकुम बंद्योपाध्याय

परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफेसर रूपेंद्र कुमार चट्टोपाध्याय

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 20.02.2017

विषय: बिहार में बौद्धधर्म का विकास एवं बिहार एवं दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रमुख बौद्ध प्रतिष्ठानों के बीच धार्मिक समागम : पुरालेखी एवं पुरातात्विक स्रोतों का अध्ययन'।

22. **परियोजना: लोकगाथा एवं संस्कृति**

अनुसंधान अध्येता का नाम: डॉ. सम्पन चक्रवर्ती

परियोजना पर्यवेक्षक: डॉ. पल्लव सेनगुप्ता

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 13.02.2017

विषय: 'श्याम या धूसर छाया: बंगला लोक कथाओं में अन्य संस्कृतियों के ऐसे आख्यानों के संदर्भ में नकारात्मक चरित्रों का आकलन'

23. **परियोजना: लोकगाथा एवं संस्कृति**

अनुसंधान अध्येता का नाम: श्री विश्वजीत विश्वास

परियोजना पर्यवेक्षक: प्रोफ़ेसर रजत कांति दास

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 07.06.2017

विषय: ' मटुआ धार्मिक संप्रदाय : जातीय नज़रिए से लोकगाथा, आध्यात्मिकता तथा उसके पश्चिम बंगाल में अपनाए जाने का अध्ययन

24. **परियोजना : डॉ. जाकिर हुसैन अध्येतावृत्ति**

अनुसंधान अध्येता का नाम: इमरान फ़िलिप

परियोजना पर्यवेक्षक: डॉ. कौस्तुभमणि सेनगुप्ता

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: 20.03.2017

विषय: 'बंगाल में लिंग, धर्म एवं मुस्लिम महिलाओं की बदलती स्थिति' (1873-1952)'।

ख. जारी बाह्य अनुसंधान परियोजनाएँ

1. **परियोजना:** दक्षिण एशियाई इतिहास के चीनी स्रोत

परियोजना अन्वेषक: प्रोफेसर हरप्रसाद रॉय, वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता, एशियाटिक सोसाइटी।

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जुलाई,2005

डॉ. राय ने प्रकाशन के लिए आठ खंड पहले ही प्रस्तुत कर दिया है। नवें खंड पर काम चल रहा है

2. **परियोजना:** पूर्वी भारत में नृत्य करती प्रतिमाएँ : गौड़ीय शैली के नृत्य पर उनका प्रभाव।

परियोजना अन्वेषक : बंगाल नृत्य रूप अध्ययन केंद्र की निदेशक एवं रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय की प्रोफेसर व नृत्य विभाग की प्रमुख डॉ. महुआ मुखर्जी।
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जुलाई,2012
कार्य जारी है।

3. **परियोजना:** सन् 1959 से 1981 तक मिजोरम के आइज़ॉल में मौतम अकाल, विद्रोह, प्रशमन एवं शहरी विकास पर समूहीकरण केंद्रों का गैर समूहीकरण।
परियोजना अन्वेषक : डॉ. मालबिका दासगुप्ता
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: मार्च,2015
अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है और प्रकाशन अनुभाग को भेज दी गई है।कार्य संपन्न हो गया है।

4. **परियोजना:** श्रीकुमार के शिल्परत्न में प्रतिपादित तकनीकी विज्ञान की प्राचीन भारतीय संकल्पना
परियोजना अन्वेषक : डॉ. रीता भट्टाचार्य
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: मार्च, 2015
दो खंडों में से पहले खंड का कार्य संपन्न हो गया है। कार्य जारी है।

5. **परियोजना:** पुष्पदंत का महापुराण - अध्ययन
परियोजना अन्वेषक : डॉ सुचित्रा राय आचार्य
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: फरवरी, 2015
कार्य जारी है।

6. **परियोजना :** सन् 1690 से 1947 तक कोलकाता में एवं इसके आस-पास के धार्मिक भवनों की वास्तुकला का सर्वेक्षण
परियोजना अन्वेषक : डॉ. सोमनाथ मुखर्जी
कार्य प्रारंभ करने की तिथि : नवंबर,2016
उन्होंने कार्य की अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

7. **परियोजना:** ललितकला ओ नंदनतत्वेर परिभाषा
परियोजना अन्वेषक : डॉ. सोमनाथ मुखर्जी
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जून,2016
कार्य जारी है।

8. **परियोजना:** सन् 1700 से 1950 तक आधुनिक बंगाल का व्यापक इतिहास
परियोजना अन्वेषक : प्रोफेसर सब्यसाची भट्टाचार्य
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: फरवरी,2017
विषय: 'बंगला लिपि का उद्गम एवं विकास'

परियोजना से संबंधित त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "सन् 1700 से 1950 तक आधुनिक बंगाल का व्यापक इतिहास" थीम पर एशियाटिक सोसाइटी में 7 से 9 फरवरी,2018 तक आयोजित किया गया। परियोजना कार्य जारी है।

9. **परियोजना:** ग्रामीण बर्धमान के गोप समुदायों द्वारा प्रयुक्त किए जानेवाले परंपरागत [मौखिक परंपरा] मानव-पशु औषधियों का सर्वेक्षण एवं प्रलेखीकरण
परियोजना अन्वेषक : श्री अपूर्व के. चट्टोपाध्याय
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: अप्रैल, 2015
यह कार्य जारी है।

10. **परियोजना:** पूर्वी भारत की उत्कीर्ण छवियों का एक संग्रह (चौथी से 13वीं शताब्दी सीई)
परियोजना अन्वेषक : प्रोफेसर गौतम सेनगुप्ता, डॉ. सायंतनी पाल, डॉ. रजत सान्याल
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जून, 2017
यह कार्य जारी है।

11. **परियोजना: रेवरेंड पी ओ बोडिंग द्वारा संकलित और संथाली से अंग्रेज़ी में अनुदित संथाल लोककथाओं का बंगला अनुवाद।**
परियोजना अन्वेषक : श्री कुमार राना
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जुलाई, 2017
परियोजना कार्य जारी है।

12. **परियोजना:** पश्चिम बंगाल में आदिवासी : सामाजिक-आर्थिक स्थिति संबंधी रिपोर्ट।
परियोजना अन्वेषक : श्री कुमार रानाप्रोफेसर
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: अक्टूबर,2017
परियोजना कार्य जारी है।

13. **परियोजना:** विकासपरक प्रक्रिया को समझना : पश्चिम बंगाल में विअधिसूचित जनजातियों का मामला।

परियोजना अन्वेषक : डॉ. विधान कांति दास

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: मार्च,2018

परियोजना कार्य जारी है।

14. **परियोजना:** यूटोपिया का संशोधन: मौलाना भसानी एवं असम के चार क्षेत्र।

परियोजना अन्वेषक : डॉ. गोर्की चक्रवर्ती

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: मार्च, 2017

परियोजना कार्य जारी है।

15. **परियोजना: चिन लुसाई सीमा : समुदाय, राज्य और बाज़ार।**

परियोजना अन्वेषक : डॉ. अशोक कुमार राय

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जुलाई, 2017

अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है।

16. **परियोजना: बंगाल के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य तथा पश्चिमी भारत के रूप-निर्धारण में एशियाटिक सोसाइटी की भूमिका।**

परियोजना अन्वेषक: डॉ. ताप्ती मुखर्जी

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जून, 2017

परियोजना कार्य जारी है।

17. **परियोजना:** स्वयंसेवी समूह के कार्यकलाप से संबद्ध महिलाओं के सशक्तिकरण पर आर्थिक वातावरण एवं संस्कृति का प्रभाव भारत के पूर्वोत्तर में चुनिंदा क्षेत्रों का अध्ययन।

परियोजना अन्वेषक : प्रोफेसर शर्मिष्ठा बनर्जी तथा डॉ. श्रीमती अर्जिता दत्ता कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जनवरी, 2018

परियोजना कार्य जारी है।

18. **परियोजना: बंगाली उपसर्गों एवं प्रत्ययों का कोश।**

परियोजना अन्वेषक : डॉ. अनिता बंद्योपाध्याय

कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जुलाई,2017

19. **परियोजना: दसग्रीवा वधचरित्र का अनुवाद।**
परियोजना अन्वेषक : डॉ. देविका भट्टाचार्य
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: दिनांक: मई, 2015

20. **परियोजना: रामायण और महाभारत में निरूपित अभिनय कला–सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोण।**
परियोजना अन्वेषक : डॉ. विजया गोस्वामी तथा डॉ. नंदिनी भौमिक
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: अक्टूबर, 2017
परियोजना कार्य जारी है।

21. **परियोजना: प्रधान उपनिषदों में प्रतिबिंबित समाज।**
परियोजना अन्वेषक : प्रोफेसर मृणालकांति गंगोपाध्याय
कार्य प्रारंभ करने की तिथि: जवनरी, 2018
परियोजना कार्य जारी है।

ग. अनुमोदित किंतु अभी न शुरू हुई बाह्य परियोजनाएं

- " पिप्पलाद संहिता ऑफ द अथर्ववेद इंग्लिश ट्रांसलेशन,इंडिसेज एंड ऐन अकाउंट ऑफ इट्स कंटेंट्स एंड हिस्ट्री ",लेखक: प्रोफेसर दीपक भट्टाचार्य ,संस्कृत के सेवानिवृत्त प्रोफेसर, विश्व भारती ,शांति निकेतन।

- दो अप्रकाशित नव्य न्याय पांडुलिपियों का संपादन एवं अनुवाद, प्रोफेसर सुबुद्धिचरण गोस्वामी।

- " वंचित सामाजिक समूह के इतिहास की तलाश: उन्नीसवीं और बीसवीं सदी के केरल में पुलया के विविध अनुभव", प्रोफेसर राजशेखर बसु एवं अरुण कुमार बंदोपाध्याय।

घ. एशियाटिक सोसायटी द्वारा आयोजित बाह्य अनुसंधान परियोजना

- डॉ कविता देवी, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी ,नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से 1 जुलाई 2017 से "गौरीपुर राज के संरक्षण में हाथियों का प्रशिक्षण, देखभाल एवं उपचार : एक अध्ययन" परियोजना पर कार्य कर रही हैं

- डॉ प्रणव के चट्टोपाध्याय ,भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी ,नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से 1 जुलाई 2017 से "प्राचीन भारत में दर्पण का इतिहास : उद्गम एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण" परियोजना पर कार्य कर रहे हैं।

इ. व्याख्यान /संगोष्ठी /सम्मेलन /कार्यशाला/ परिसंवाद/ वार्तालाप

